श्री मोती लाल वोरा: माननीय उपसभापति जी, अल्पसंख्यकों के नाम पर इन्होंने बहुत आसूं बहाये। 15 सूत्रीय कार्यक्रम इस देश में पहले भी था। इस 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बारे में हम पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। यह कार्यक्रम हमारे अल्पसंख्यक साथियों को विश्वास है कि एक ही सरकार कर सकती है और वह कांग्रेस की सरकार और गठबंधन की सरकार है। इसके पहले भी कांग्रेस की सरकार ने इन कार्यक्रमों को शुरू किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी के ज़माने में इन कार्यक्रमों को पूरा करने की जिम्मेदारी हमने ली थी और आज भी हम इस जिम्मेदारी से कहीं अलग नहीं हटे हैं। महिलाओं के लिए अधिक संरक्षण के लिए-महिलाओं के साथ अत्याचार की बहुत घटनाएं घटती हैं-दंड प्रक्रिया संहिता में संशोधन किया गया। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग का गठन, अंतरिक्ष कार्यक्रम, पर्यावरण की सुरक्षा, उत्तर पूर्व में, नॉर्थ ईस्ट में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठा गए हैं। उपसभापति महोदय, आप इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि जम्मू-कश्मीर में 24000 करोड़ का पैकेज जम्मू-कश्मीर की सरकार को दिया गया और उसके साथ-साथ राज्य में जो भूकंप आया था , उस भूकंप से निपटने के लिए केन्द्र सरकार ने, राज्य सरकार ने और उसके साथ-साथ देश के अनेक राज्यों ने जो आर्थिक सहयोग दिया, उसका परिणाम है कि आज लोगों में एक विश्वास पैदा हुआ है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, उग्रवादियों और अन्य राष्ट्रविरोधी शक्तियों से दृढ़ता से निपटा गया है। हमने आतंकवादियों को हवाई-जहाज में नहीं बिठाकर घुमाया। हमने उनके साथ अत्यधिक सख्ती के साथ बर्ताव किया। कल कहा गया कि अक्षरधाम में घटना हुई, कहा गया कि रघुनाथ मंदिर में घटना हुई। मैं यह कहना चाहता हूं कि घटनाएं हुई थीं। लेकिन इन आतंकवादियों को रोकने की दिशा में आपकी सरकार ने अगर कड़े कदम उस वक्त उठाए होते तो देश में आतंकवादियों की यह हिम्मत नहीं होती। राष्ट्र को हमारी सशस्त सेना पर गर्व है। सर, मैं एक-एक बिन्दु को कह रहा हूं। इस एक,-एक बिन्दु को पढ़ने के बाद मुझे लगा, चूंकि कल मैंने भाषण नहीं पढ़ा था, आज पढ़ने के बाद लगा कि दरअसल इनके सारे बिन्दुओं पर उसका एक जबर्दस्त प्रभाव है और आने वाले समय में, एक वर्ष के कार्यक्रम का जो नक्शा सामने है, उसमें हम उन सारे कामों को पूरा करेंगे। सर, हमारी विदेश नीति राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर बनायी गयी है। पड़ोसियों के

3.00 P.M.

साथ अच्छे संबंध कायम करने की दिशा में अगस्त, 2005 में प्रधान मंत्री जी की जो राजस्थान यात्रा हुई थी, उस यात्रा का जबर्दस्त प्रभाव पड़ा है। 21वीं सदी में हमारा देश राष्ट्रों के समूह में अपना एक विशेष स्थान प्राप्त करेगा। आज की अर्थव्यवस्था बेहतर निष्पादन को बनाए रखने की स्थिति में है। साम्प्रदायिक सद्भावना बनाए रखना इस देश की सौ करोड़ जनता के लिए आवश्यक है और सौ करोड़ की जनता भाईचारे के वातावरण में रहना चाहती है, हिल-मिलकर रहना चाहती है, झगड़ा नही चाहती। जहां झगड़े होंगे, फसाद होंगे, दंगे होंगे, वहां विकास नहीं हो सकता। उपसभापति महोदय, मैं इस बात को कह सकता हूं कि भ्रम की स्थिति फैलाने की कोशिश चाहे कितनी ही वे करके देख लें, वे इसमें पूरी तरह से नाकामयाब सिद्ध होंगे और उनको फिर इस बात को यहां पर बैठकर कहना पड़ेगा कि यूपीए की, गठबंधन की सरकार ने इस बीस महीने में काम किया है और आने वाले चालीस महीनों में हम निरंतर इसी प्रगति के साथ काम करेंगे। देश के अंदर से बेरोजगारी को खत्म करने की बात हमने कही थी। इस संबंध में हमने कार्यक्रम शुरू किया है और जिस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के पीछे श्रीमती सोनिया गांधी जी ने अपनी पूरी ताकत लगाई, मंत्रिमंडल के सारे साथी उसका पूरा समर्थन करते ही हैं। तो क्यों नहीं हम इस पर रोमांचित हों, क्यों नहीं हम इस पर गर्व का अनुभव करें। महोदय, जो वस्तुओं की कीमतें कुछ बढ़ी हैं, उस दिशा में भी सरकार का ध्यान गया है और हमारी कोशिश होगी-अंतर्राष्ट्रीय जगत में जो पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स हैं, उनकी कीमतें बढ़ती रहती हैं, उस पर तो कंट्रोल नहीं है लेकिन जो कुछ बढ़ रहा है, उसे रोकने की दिशा में अगर कोई सरकार सक्षम है तो यूपीए की, गठबंधन की सरकार सक्षम है और यह सक्षम सरकार इस बात को सिद्ध करेगी कि देश में एक ऐसी सरकार, गठबंधन की सरकार आयी जो पिछले 6 वर्षों की सरकार से भिन्न थी, उनकी चाल में, चरित्र में और चित्रण में एक अलगपन था, एक ऐसी पैनी बात थी जिसको लेकर हम आगे बढ़े। माननीय उपसभापति महोदय, मैं अपनी बात को इन्हीं शब्दों के साथ समाप्त करता हूं कि बहुत मायूस हैं, बहुत हताश हैं, बहुत परेशान हैं, सिर को धुन रहे हैं कि आखिर हम क्या करें, कहां जाएं और अपने आपको कोस रहे हैं। भ्रष्टाचार की बात तो मैं इसलिए नहीं कहना चाहता हूं...

लेकिन तहलका का एक ही उदाहरण पर्याप्त है। इससे उस सरकार के चरित्र और चित्रण का पता चल सकता है। मैं अपनी बात इन्हीं शब्दों के साथ समाप्त करते हुए इस अभिभाषण का पूरी तरह से समर्थन करता हूं, धन्यवाद।

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं महामहिम राष्ट्रपति जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूं। उनके द्वारा सरकार की नीतियां व कार्यों का विवरण जो अभिभाषण के रूप में प्रस्तुत किया गया है, उसके कुछ बिंदुओं पर मैं आपके समक्ष इस सदन में चर्चा करना चाहता हूं।

महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण 62 बिंदुओं के रूप में है, जिसमें सरकार की नीतियों व कार्यों का बयान देश के हित में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। वैसे सामान्य रूप से देखा जाए, तो वाकयी ये नीतियां बहुत ही अच्छी हैं और अगर इनका क्रियान्वयन किया जाए, तो देश का विकास हो सकता है। महोदय, आजादी के बाद 42 वर्षों तक लगातार कांग्रेस ने केन्द्र व अधिकतर राज्यों में सरकार चलाने का कार्य किया। जनहित में नीतियां भी काफी अच्छी से अच्छी बनाई, किन्तु उन नीतियों का क्रियान्वयन समुचित ढंग से नहीं होने के कारण वे समस्त नीतियां कागज़ में ही रह गईं। उसी तरह से इस अभिभाषण में भी नीतियां तो बहुत अच्छी हैं, लेकिन इनके क्रियान्वयन की कोई रूपरेखा नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या इन्हें क्रियाविन्त करने का सरकार कोई कारगर उपाय करेगी और समयबद्ध तरीके से इन्हें पूरा करेगी, तब तो संभव हो सकता है अन्यथा वह भी कागज़ मे रह जाएगा।

महोदय, हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस पर हम भारतवासियों को गर्व हैं, किन्तु आज इस लोकतंत्र पर अपराधतंत्र, सामंततंत्र, धनबल, बाहुबल हावी होकर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने में लगा हुआ है। अतएव, समय के रहते इसका निराकरण करना सरकार का एक आवश्यक कार्य होना चाहिए।

महोदय, आज़ादी के साठ साल बीत जाने के बाद क्या हम यह सुनिश्चित करने में सफल हो पा रहे हैं कि भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबासाहब डॉ॰ अम्बेडकर ने एक बहुत बड़ा सपना संजोकर एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार और हरेक वोट की एक ही कीमत सुनिश्चित की थी कि आम जनता अपने अधिकार का समुचित उपयोग कर अपना उद्धार स्वयं करेगी, किन्तु आज इस सदन में मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इस वोट के अधिकार के प्रति जागरूकता न होने के कारण देश के विभिन्न कोनों में आज तक आम जनता या तो बैलेट पेपर या वोटिंग मशीन देख नहीं पाई है या और कतिपय कारणों से वोट के अधिकारों से भी वंचित रह जाती है या अज्ञानता के कारण दस रुपए के शराब के पाउच पर अपना अमूल्य वोट बेचने का काम करती है। इस महान लोकतांत्रिक देश के लिए यह एक चिंताजनक बात है। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि इस प्रकार की बाधाओं को दूर करने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करे, ताकि स्वस्थ लोकतंत्र की बहाली हो सके। महोदय, अभिभाषण में राष्ट्रपति जी ने कहा है कि मेरी सरकार ने हमारे किसानों के ज्ञान तथा हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यह एक अच्छा और सराहनीय कदम है, किन्तु अभिभाषण में ऐसे किसानों का कोई ज़िक्र नहीं है जो भूमिहीन हैं, खेतिहर मज़दूर हैं, खेती में पूरे परिवार सहित काम करते हैं, किन्तु इन्हें सिर छिपाने के लिए भी नीली छतरी के अलावा कोई सहारा नहीं है। ऐसे खेतिहर मजदूर आए दिन सामंती जुल्मों के शिकार होते हैं और गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन करते हैं। वे केवल रोजी-रोटी की तलाश में ही पलायन करते हैं। मेरा यह मानना है कि बड़े-बड़े शहरों

में रेल की पटरियों के किनारे, गंदे नालों के किनारे, सड़कों के किनारे वे झुग्गी-झोपड़ी बनाकर जानवर से भी खराब जीवन जीने को मजबूर होते हैं। सरकार का ध्यान इस प्रकार के शरणार्थियों पर कतई नहीं जाता है, जबकि दूसरे प्रकार के शरणार्थियों पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है। यही नहीं आधुनिकीकरण या शहर के सुन्दरीकरण के नाम पर सरकार द्वारा इन्हें उजाड़ने का भी काम किया जाता है। यह एक चिंता का विषय है। अत: हमारा सरकार से अनुरोध है कि जिन भूमिहीन खेतिहार मजदूरों की संख्या गांव में लगभग दस से बीस प्रतिशत है, इनके विकास के लिए भी हर संभव प्रयास किया जाए, तभी हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास का सपना साकार कर सकते हैं। इसके लिए अभिभाषण में भूमि सुधार का भी जिक्र आया है, उसे समयबद्ध तरीके से कानून बनाकर लागू किया जाए तभी खेतिहर मजदूरों का विकास संभव हो सकेगा और ग्रामीण पलायन भी रोका जा सकेगा, यह मेरा सरकार से अनुरोध है। आर्थिक विकास की बात का जहां तक प्रश्न है, आजादी के बाद इस देश का चतुर्मुखी विकास हुआ है, इसमें रंच मात्र भी संदेह नहीं है। इसके लिए हम सरकार को बधाई देना चाहते हैं। आजादी के दौरान जहां हमारे देश में सुई तक नहीं बनती थी, आज हमें गर्व है और मैं अपने वैज्ञानिकों एवं श्रमिकों को बधाई देना चाहता हूं कि जिनके सहयोग से आज देश में सुई से लेकर सुपर जेट विमान तक बन रहा है। हम देशवासियों को इस पर गर्व है, किन्तु इस आर्थिक विकास का लाभ किस को कितना मिल रहा है, यह चिंतन करने का विषय है। आजादी के बाद अगर हम इस पर चिंतन करें तो स्पष्ट नजर आता है कि विकास का लाभ जितना गरीबों को मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल रहा है बल्कि अधिकांश भाग अमीरों की जेबों में जा रहा है। इससे आजादी के बाद अमीर-गरीब की खाई बढ़ती ही नहीं जा रही बल्कि भयावह रूप भी लेती जा रही है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि इस ओर सरकार को गंभीरता पूर्वक ध्यान देने की जरूरत है। वक्त रहते गरीब-अमीर की खाई को कम करने की जरूरत है अन्यथा इनके अनेकों दुष्परिणाम भी हो सकते हैं। महोदय, जब माननीय श्री राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, उस समय उन्होंने कहा था कि केन्द्र से अगर एक रुपया चलता है तो गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता है, 85 पैसे बीच में ही गायब हो जाते हैं। मैं इस सरकार से पूछना चाहता हूं कि अब अगर केन्द्र से एक रुपया चलता है तो अब क्या 15 से ज्यादा पहुंच रहा है या और कम हो गया है, सरकार को यह चिंतन और मनन करने की जरूरत है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह कहा गया हैं कि मेरी सरकार ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य सामाजिक तौर से, शैक्षिक तौर से, पिछड़े नागरिकों के लिए निजी तौर पर सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थाओं में आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए हाल ही में संविधान संशोधन किया है। यह एक सराहनीय कार्य है, किन्तु इससे इन जातियों का भला होने वाला नहीं है। इन वर्गों के हितों के लिए विशेष अभियान चलाकर सभी विभागों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की जरूरत है। साथ ही साथ सरकार द्वारा जो विनिवेशकरण किया जा रहा है, उसके कारण सार्वजनिक उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। जिससे आरक्षित वर्ग के लोग प्रभावित

हो रहे हैं। अत: इन वर्गों के हितों के लिए जल्द ही विधेयक लाकर निजी क्षेत्रों में आरक्षण की व्यवस्था की जाए। साथ ही साथ आजादी के 60 साल बाद भी उच्च शिक्षा, विश्वविद्यालयों, न्यायपालिका, विधान परिषद् और राज्य सभा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के हितों को ध्यान में रखकर सरकार को संविधान में संशोधन करके आरक्षण की व्यवस्था लागू करनी चाहिए, ताकि इन वर्गों का उत्थान हो सके।

अब मैं भारत के अतीत के विषय में चर्चा करना चाहता हूं कि भारत का अतीत कितना गौरवशाली रहा है। भारत देश को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। हमारा भारत धन-धान्य से भरपूर था, भारत संपन्न था, इतना ही नहीं इस देश को जगद्गुरु भी कहा जाता था। आज यह चिंतन और मनन का विषय है कि जिस भारत देश को सोने की चिड़िया कहा जाता रहा हो, आज उस भारत को क्या हो गया है कि इसमें जो बच्चा पैदा हो रहा है, उस पर हजारों रुपए का विदेशी कर्ज़ा है। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले देश के नागरिक को अकेले नहीं, बल्कि बीवी और बच्चों सहित 8 घंटे से लेकर 12 घंटों तक खेत-खलिहानों, कल-कारखानों में काम करने के बाद दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती है, तन ढकने को अच्छा कपड़ा और रहने को आवास नहीं मिलता है। संपन्न भारत आज विपन्न भारत बन गया है। आज हमें इस उच्च सदन के माध्यम से विचार और चिंतन करने की जरूरत है कि संपन्न भारत के विपन्न होने का कारण क्या है, क्योंकि इसी धरती पर गौतम बुद्ध ने कहा था कि दुनिया में दु:ख है और दु:ख का कारण है, अगर इस कारण का निवारण कर दिया जाए तो दुनिया से दु:ख दूर हो सकता है। मैं दुनिया की बात तो नहीं करता, परन्तु भारत का नागरिक होने के कारण भारत में दु:ख के कारणों का पता लगाना हम सब प्रबुद्धजनों का दायित्व है।

महोदय, मेरी राय में जब हमारा देश सोने की चिड़िया रहा होगा, उस समय इस देश में जात-पात, ऊंचा-नीचा, छोटा-बड़ा, छूत-अछूत का भेदभाव नहीं रहा होगा। इस कारण उस समय इस देश में इंसान और इंसानियत, भाईचारा तथा मानवता चरम सीमा पर रही होगी, तभी इस देश को सोने की चिड़िया के खिताब से नवाज़ा गया, किन्तु हमें खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इस देश में जातिवाद भयावह रूप ले रहा है, जिसका दुष्परिणाम हमारे सामने है कि आज इस देश में जो भाईचारा, इंसानियत और मानवता की भावना होनी चाहिए, जातिवाद के कारण वैसी भावना नहीं है। मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इस देश के चंद चालाक लोग इस जातिवाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं, जबकि हमारे देश के संत सर्वश्री कबीरदास, रविदास, दादू, नानक, मोहम्मद साहब, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी तथा हमारे देश में महापुरुष जैसे महात्मा ज्योति बा फुले, रामास्वामी नायवर, नारायना गुरु, छत्रपति साहू जी महाराज, इन सभी लोगों ने कहा है कि इंसानों की जातियां नहीं होती हैं। बाबा साहब डा० अम्बेडकर ने तो यहां तक कहा कि जाति-विहीन समाज की स्थापना के बगैर स्वराज की कल्पना

करना निरर्थक है। आज हमें चिंतन और मनन करने की जरूरत है कि इस जातिवाद रूपी अभिशाप का कैसे जड़ से सफाया किया जाए। आज भी देश को भ्रमित करने के लिए एक तरफ सामाजिक समरसता के नाम पर, तो दूसरी तरफ सामाजिक न्याय के नाम पर देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। इस भ्रमजाल को फेंककर, स्वार्थ से ऊपर उठकर, आज देश को सामाजिक परिवर्तन की जरूरत है।

मैं माननीय श्री कांशीराम जी और बहन मायावती जी को बधाई देना चाहता हूं कि अनेकों बाधाओं के बावजूद वे इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में हमारे दोनों नेता मंच से नारा लगाते हैं कि ''जाति तोड़ो - समाज जोड़ो'', लेकिन मुझे खेद है कि इस देश की मनुवादी व्यवस्था के पोषक, इस महान कृत्य को करने वालों को जातिवादी होने की संज्ञा देते हैं और जाति बनाने वालों को, समाजवादी की संज्ञा देते हैं। इसीलिए माननीय कांशीराम जी ने कहा है कि देश के लिए एक नागनाथ है, तो दूसरा सांपनाथ है। आज मैं सदन के माध्यम से इन दोनों तरह के लोगों से अपील करता हूं कि अपनी स्वार्थपरक प्रवृत्ति को छोड़कर जातिवाद का विनाश करने और समतामूलक समाज बनाने के लिए आगे आएं। मुझे आशा ही नहीं भरोसा है कि ऐसा होने पर देश से जल्दी ही जातिवाद का नाश या सफाया हो सकेगा और इस देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाया जा सकता है। श्री राजनाथ जी आज यहां नहीं हैं, मैं उनकी कल की बात को उद्धृत करना चाहता हूं। उन्होंने कहा था कि गांधी की हत्या गोडसे ने की, किन्तु गांधीवाद की हत्या कांग्रेस कर रही है। मेरी राय में अब गांधीवाद के साथ-साथ इस देश को अम्बेडकरवाद की जरूरत है। इस तरफ सरकार को पहल करनी चाहिए, ताकि यह चरितार्थ हो सके कि ''आम का हाथ कांग्रेस के हाथ''। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It seems that today is the 'International Telugu Day', so he wants to speak in Telugu.

SHRI NANDI YELLAIAH (Andhra Pradesh):

श्री उपसभापतिः आपको तेलुगु में बात करने के लिए नोटिस देना पड़ेगा।

श्री नंदी येल्लैयाः हमारे पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी के अन्दर हिन्दी के बाद तेलुगु में बात करने का ...(व्यवधान)... मैं आपसे निवेदन करता हूं।

SHRIMATI VANGA GEETHA: (The hon. Member spoke in Telugu).

श्री उपसभापतिः शरद जोशी जी, बोलिए। It is not going on record because they will not be able to record it. You have not given notice to speak in Telugu. Nobody understands it.

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI: Sir, the President's Address for which we are here debating on the Motion of Thanks consists of 62 points; and there are 162 amendments. I find, towards the end of this debate, that the entire debate is off the track, in the sense, that we are not taking note of each of the bullets or each of the points that has been made by the President. Nor are we taking into consideration the various amendments that have been proposed. This is taken as a debate free for all. The opponents would, of course, take the opportunity of attacking the ruling Government as if it was an electoral campaign, and the ruling party people, particularly those who aspire to get some posts, try to use the opportunity for pleasing their bosses. I think this is hardly the correct tenor for holding a debate on the Motion of Thanks for the President. I would suggest in the proper way later on that this debate on the Motion of Thanks should be carried out either on the basis of each of the points that is raised by the President or on the basis of amendments that are proposed by various members. Otherwise, the debate would become entirely pointless. As far as I see the debate, the basic situation is like this. The deficiencies in infrastructure, whether you are talking of power or telephones etc., all came up during the period of socialist planning and were inherited by the Government of Shri P.V. Narsimha Rao and our present Prime Minister who was the then Finance Minister. These are the people we have to thank for taking up the challenge and giving the entire Indian economy a different turn. *(Interruptions)* Since then, apparently, both the ruling party and the opposition party have lost their economic agenda and they are mouthing cliches in order to get advantage in elections. Today, the point is not whether we should have socialism or we should have economic reforms. That is not the point. The point is whether we follow the Arrow's theorem which specifically states that community decisions can only be irrational, and against that, the Amartya Sen thesis which says that in spite of the Arrow's theorem, there has to be some kind of a community action in the fields of hunger, education, health, etc. That is really the economic controversy in the present political situation. I am afraid, the President, while making the forecast for the future has not really grasped the issues and has not really put forward the issues that are involved. What has happened is, there are some very important issues that have been skirted. For example, FDI in retail trade, in my opinion, is a decision that is going to change the entire complexion of the Indian economy. As a farmers' movement man, I would say that if

only instead of the Agricultural Produce Marketing Committees, we had the organised retail trade, the Indian farmer would not have been forced to commit suicide as he is doing today. That is an issue which has been entirely skirted. Then, there is the question of the policy on Iran. There is not a word on it. Then, we have the question of farmer suicides. We are talking of helping the farmers. But the point, that more than four or five thousand farmers have committed suicides and are committing suicides even today, has been skirted. I wish some of these points had been made. Then the speech would have been more relevant. Similarly, there were number of constitutional problems which have been raised by the bigger leaders of different political parties. I would not like to talk about them. Then, Sir, there are some points where only a future promise is made. Having skirted around some issues, there are certain issues where only a promise has been made. For example, in paragraphs 13, 14, 15, 27, 28 and 40, we talk of the National Rainfed Area Authority, the National Bio-technology Mission, the Committee of Infrastructures and the National Knowledge Commission. These are all to happen and even the National Rural Employment Guarantee Scheme officially is to be inaugurated only on the 1st of March. It has not even started today. So, these are all about things that may or may not happen and it really does not make any sense. But the fact is that as the National Rural Employment Guarantee Scheme has been implemented, we have reason to believe that it is going to be a major nest of rampant corruption. We have experience of that in the State of Maharashtra and I am quite sure, it's going to be a scheme for national corruption all over and if anybody gets रोमांच by having corruption on that scale, he is entitled to that.

Then, there are some positive points which I would like to examine. Firstly, it is said that the agricultural credit has been increased by 60 per cent. There was a statement by the Finance Minister last year, saying that the credit available for agriculture will be increased from Rs. 80,000 crores to Rs. 1,30,000 crores. And the question that arises is, where did all this money go? In the Consultative Committee on Agriculture, the Minister of Agriculture gave an explanation that this money has actually reached the farmers and he said, if you make an inventory of the statements by the commercial banks, then the amount has reached the farmers. On the other hand, in the statement made here, the Minister of Agriculture says that loans are going through the cooperative mechanism.

One does not know whether loans are going to the farmers through the cooperative mechanism or through commercial banks. As a person who stands in the field and who has daily contacts with farmers, I would say that these loans are not going to any farmer and farmers continue to be driven in long numbers to the desperate action of suicides. Then, there is a question of the revival of cooperative structures. I have read recently in the newspapers, the Prime Minister declaring that Rs. 13,000 crores — I hope, Mr. Bimal Jalan is also listening to me, — have been made available for restructuring of the cooperative societies, and Shri Sharad Pawar, the Minister of Agriculture, has also said that Rs. 16,000 crores will go to the cooperative structure. That makes a total of Rs. 29,000 crores. And the fact remains that no farmer is entitled to get any loan from the cooperative bank because they are already bad debtors, they are not entitled to get any fresh loans. Under the circumstances, the big mystery is, what happened to those Rs. 29,000 crores, which have been talked about.

Then, Sir, there is the question of wheat imports, and if you permit me, Sir, I would like to take a few minutes on this. It is in this House that I have pointed out that there was some mystery about the missing of 9 lakh tonnes of wheat. It is only a month back that the Minister for Agriculture has made a positive statement in this House that there was no shortage of wheat, and that we will not be required to import any wheat this year. I remember that I specifically gave a cutting from the *Hindu Business Line,* which said that some wheat was being imported, and the Minister for Agriculture repudiated that suggestion and said that we will not need any import of food. There was a missing quantity of 9 lakh tonnes. Where did it go? I think, according to my guess, it went into the Food for Work Programme, just disappeared into the Food for Work Programme. And, now, we are importing it in such a manner that the arrival cost in Punjab is Rs. 1200/- per quintal, while we are giving Rs. 640/- to our farmers. The suggestion made is that this wheat will be used only in the South, and if you take the landing cost in the South, then, the difference is very much reduced. But, the fact remains that just a month before the procurement season starts, importing wheat from outside is a grossly anti-farmers action which should have been really referred to in the speeches on the President's Address, which has not been done to at all.

Then finally, I would like to make a categorical statement that there are people who are happy about the Sixth Pay Commission being appointed. The Fifth Pay Commission made two types of recommendations. In the first type of recommendations, they suggested improved work conditions and perks for the Government staff, and in the second set, they made suggestions that would improve the performance and the yield of the Government servants. All those constructive suggestions in the second category were outright rejected, and only the recommendations relating to salary increases and the perks increases were implemented. Sir, the result has been, you can ask any Chief Minister of any State, whether he is a Congressman or a BJP man, the Fifth Pay Commission has made the total ruination of the State economy, and if the Sixth Pay Commission comes in, and if the Sixth Pay Commission is led by the same motives of popularity, I am afraid, the Sixth Pay Commission and the implementation of its recommendations would see the end of the economic sanity and economic solvency of this country. These are the points which I would have liked to see in the President's Address. Otherwise, I think, we ought to thank the President for the fact that he has made a succinct statement, reading in between the lines. The fact remains that for non-members, like Shri Motilal Vora, should read carefully in between the lines of the address made, they will see more reasons for a vote of no confidence in the Government, rather than being exhilarated at the report. Thank you.

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र) : उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार की नीतियों को उजागर करता है। इस बजट सत्र से पहले लोक सभा और राज्य सभा के सांसदों को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए राष्ट्रपति जी ने जिन बातों का जिक्र किया है, वह सिर्फ मात्र कोई रस्म या औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि इससे सरकार की नीयत और आने वाले समय में सरकार की क्या योजना है, उसका संकेत मिलता है। जैसा अन्य कई लोगों ने भी कहा कि राष्ट्रपति जी ने तमाम महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपनी बात कहने की कोशिश की है, लेकिन मुख्य रूप से जो देश की अर्थव्यवस्था है, उसके बारे में और किस तरह से हम देश को आर्थिक रूप से सामाजिक रूप से मजबूत कर सकते हैं, उस पर उन्होंने अधिक जोर दिया है।

उपसभापति महोदय, अगर यह सरकार इस बात का दावा करती है कि पिछले 20 महीनों के अंदर हमारे देश की अर्थव्यवस्था में काफी परिवर्तन आया है, तो यह गलत नहीं है। आज हमारे देश की जो विकास दर है, वह लगभग 8 प्रतिशत है, इसी तरह से शेयर बाजार में भी काफी उछाल आया है, लेकिन इन तमाम चीजों का लाभ हम किस तरह से आम आदमी को पहुंचाएं, यह इस

यू॰पी॰ए॰ सरकार की नीयत है और कोशिश है कि हम अपने तमाम आर्थिक कार्यक्रमों का लाभ समाज के सबसे कमजोर वर्गों, दबे हुए वर्गों, पिछड़े वर्गों तक पहुंचाएं। इन वर्गों को इसका लाभ मिलना चाहिए और उसी दिशा में कई ठोस कदम पिछले 20 महीनों में उठाए गए हैं। मैं समझता हूं कि जो पिछली एन॰डी॰ए॰ की सरकार थी, उससे भी कुछ सीखने का मौका हमको मिला है। पिछली सरकार ने एक ऐसा दावा किया था, भारत शाइन कर रहा है, भारत के चमकने की बात कही, उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में भारी परिवर्तन की बात कही, लेकिन उसका लाभ आम आदमी तक नहीं पहुचा, जिसके कारण उनको राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन, हम कहना चाहेंगे कि यू॰पी॰ए॰ सरकार ने इस बात का ध्यान रखा है और इस सरकार ने जो भी कार्यक्रम या योजनाएं बनाईं, उनमें इस बात का ध्यान रखा और खासकर ग्रामीण विकास का ध्यान रखा। भारत निर्माण कार्यक्रम, जो यू॰पी॰ए॰ सरकार ने लिया है, वह एक बुनियादी कार्यक्रम है। जैसा हम हमेशा कहते आए हैं कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और भारत का यदि सही निर्माण हो सकता है तो वह उसी समय संभव हो सकता है, जब गांवों का विकास हो, गांवों का निर्माण हो, क्योंकि आज भी आजादी के इतने लम्बे अरसे के बाद भी हमारे गांवों की स्थिति में बहुत सुधार नहीं हुआ है। आज भी वहां लोग जिस तरह का जीवन बिता रहे हैं, वह चिंता का विषय है और इसलिए यू॰पी॰ए॰ सरकार ने आने के बाद जो भारत निर्माण का कार्यक्रम अपने हाथ में लिया, मैं समझता हूं कि यह इस दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है।

इसके साथ ही साथ बेरोजगारी की समस्या है, जो हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या है। आज हमारे देश की जो जनसंख्या है, उसमें नौजवानों की जनसंख्या सबसे अधिक है और उनमें भी बेरोजगार नौजवानों की संख्या अधिक है। आज जो बेरोजगार नौजवान हैं, उनके समाने एक बहुत बड़ी चुनौती है, उनके सामने अंधेरा है, उनको कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा कि हमारा भविष्य क्या होगा। आज गांवों से बहुत बड़े पैमाने पर लोग शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं और रोजी-रोटी की तलाश में शहरों में भटक रहे हैं। उनको कैसे रोका जाए, गांवों के अन्दर कैसे उन्हें रोज़गार मुहैया किया जाए, सरकार के सामने यह एक बहुत बड़ी चुनौती थी और सरकार ने संविधान में एक संशोधन करके उसे बड़े ही अच्छे ढंग से निभाया है। आज़ादी के बाद से आज तक जो काम नहीं हुआ था, उस काम को इस सरकार ने करने की कोशिश की। खासतौर पर जो हमारे लोग गांवों में रहते हैं या ज़ो खेतिहर मज़दूर हैं, रोज़गार गारंटी योजना के तहत उन लोगों को कम से कम सौ दिन के रोज़गार की गारंटी देने का काम इस सरकार ने किया है। इस सरकार ने अभी 200 जिलों को इसमें शामिल किया है और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में, जल्द से जल्द यह सरकार इस कार्यक्रम को सारे देश में, यहां तक कि शहरों में भी लागू करने का काम करेगी जिससे रोज़गार की बहुत बड़ी समस्या जो हमारे देश के सामने है, उसका किसी हद तक समाधान होगा।

इन तमाम चीजों के पीछे एक चीज़ को हमें जरूर देखना होगा, वह यह है कि हम कार्यक्रम तो बनाते हैं, उसमें राशि का आबंटन भी होता है, साधन भी लगाए जाते हैं, लेकिन उसका सदुपयोग हो, इस बात की हमें कोशिश करनी चाहिए और इसकी निगरानी बराबर होनी चाहिए। अक्सर यह देखा गया है कि बहुत सारे कार्यक्रम, खास तौर पर जो ग्रामीण विकास के कार्यक्रम हैं, उनमें कई तरीके का भ्रष्टाचार होता है, जिसका नतीजा यह होता है कि हमारी जो नीयत होती है या हमारा जो कार्यक्रम होता है कि उसका लाभ हम गांवों के लोगों तक पहुंचाए, वह हम नहीं पहुंचा पाते हैं। इस तरह से लोगों के अन्दर एक मायूसी पैदा होती है, जिसके कारण सरकार की योजना सफल नहीं हो पाती है।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में अल्पसंख्यकों के लिए 15 सूत्री कार्यक्रम लागू करने की बात की गई है। मैं समझता हूं कि यह एक अच्छा कदम है, क्योंकि किसी भी देश का जो अल्पसंख्यक समुदाय होता है, उसे देश की मुख्य धारा से जोड़ना आवश्यक है और वे देश की मुख्य धारा से तभी जुड़ेंगे जब शैक्षिक रूप से, सामाजिक रूप से, आर्थिक रूप से, हर क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिले। ऐसा करने पर ही वे आगे बढ़ सकते हैं और देश की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में अल्पसंख्यकों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का विस्तृत विवरण दिया है। उन्होंने याद दिलाया है कि सरकार ने एक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय बनाया है। देश के इतिहास में पहली बार माइनॉरिटी वेल्फेयर के लिए या अल्पसंख्यक समुदाय की भलाई के लिए अलग से एक मंत्रालय बनाया गया है। मैं समझता हूं कि यह मंत्रालय कारगर ढंग से अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को सुलझाने का कार्य करेगा फिर चाहे वह शिक्षा का सवाल हो अथवा कोई और सवाल हो, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान में लाभ हो सकता है। सरकार ने इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उपसभापति महोदय, मैं यह समझता हूं कि सरकार ने इस बात की कोशिश की है कि इस देश की अर्थव्यवस्था का लाभ हम समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचा सकें। यह एक बहुत ही उचित कदम है और हमेशा हमें इस बात को ध्यान में रखना चाहिए। हम चाइना की बात करते हैं कि चाइना के अन्दर जो विकास हो रहा है, जो इकोनॉमिक ग्रोथ हो रही है, हमें उसके मुकाबले में आना है, इस बात को हमेशा ध्यान में रखते हुए हमें कार्य करना चाहिए और इसके लिए सरकार को काफी प्रयत्न करने की जरूरत है। विकास के लिए मैं समझता हूं कि जो सबसे ज्यादा जरूरी चीज़ है, वह है बिजली। हम औद्योगिक विकास की बात करते हैं, औद्योगिकीकरण की बात करते हैं या फिर हम अनाज की पैदावार को बढ़ाने की बात करते हैं। किसानों को भी बिजली की जरूरत है, उद्योगपतियों को भी बिजली की जरूरत है। इसलिए आज हमारे देश में जो बिजली की कमी है उसको हमको पूरा करने के लिए मैं समझता हूं कि सरकार ने ठोस कदम उठाया है। अभी तक हमारे देश की जो क्षमता है वह लगभग एक लाख मेगावाट की है, लेकिन आने वाले समय

में यह कोशिश की जा रही है कि इस क्षमता को बढ़ाया जाए और ज्यादा से ज्यादा हमारे यहां बिजली की पैदावार हो जिससे हम अपने विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ा सकें।

उपसभापति महोदय, जो भी स्कीम या जो भी बातें कही जा रही हैं राष्ट्रपति जी ने इस बात को कहा है कि एक तो एम्प्लोयमेंट, सिर्फ रूरल एम्प्लोयमेंट की बात नहीं कही गई है, बल्कि दूसरे क्षेत्रों में भी लोगों को कैसे एम्प्लोयमेंट मिले, हमारी जो अर्थव्यवस्था है उसमें इस तरह का प्रावधान करने की कोशिश यह सरकार कर रही है जिससे लेबर इंटेंसिव सैक्टर में हमको ज्यादा से ज्यादा मौका मिले, खास तौर से टेक्सटाइल्स में, गारमेंट में, लेदर में, लेदर गुड्स में, फूड प्रोसेसिंग में, आई॰टी॰ हार्डवेयर में, इलेक्ट्रोनिक्स में और इस तरह से बहुत सारे जो क्षेत्र हैं, जिन पर सरकार काम कर रही है और सरकार की यह कोशिश है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा एम्प्लोयमेंट हम जेनरेट करें, जिससे जो हमारे पढ़े-लिखे नौजवान हैं उनको अवसर मिल सके। उपसभापति महोदय, इस तरह से मैं समझता हूं कि हमारे राष्ट्रपति जी ने जो भी अभिभाषण दिया है वह इस सरकार के आने वाले अगले साल के जो भी कार्यक्रम हैं उसमें दर्शाया है और मैं समझता हूं कि इस अभिभाषण का धन्यवाद करते हुए हम यह कहना चाहेंगे कि जो भी इस पर हमारे विपक्ष के लोगों ने आपत्ति की है मैं समझता हूं कि वह राजनीति से प्रेरित है, उसमें कोई सच्चाई नहीं है, बल्कि जो सच्चाई सामने आई है कि आज दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था की तारीफ की जा रही है, जो आर्थिक उपलब्धियां हमारे देश में पिछले 20 महीने में हुई हैं उसकी तारीफ सारी दुनिया में की जा रही है। इसलिए उसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और मैं समझता हूं कि आने वाले समय में इसका लाभ जो हमारी कोशिश है कि आम आदमी को मिले उसको मिलेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। धन्यवाद।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): माननीय उपसभापति जी, मैं हृदय से आपको धन्यवाद करता हूं कि मुझे आपने बोलने का मौका दिया। मैं लोक सभा से राज्य सभा तक पहुंचा, कुछ समय लगा और मुझे यहां बैठकर बहुत सारी बातें सुनने का मौका मिला।

श्री उपसभापति: आप सामने आकर भी बोल सकते हैं, आपकी मेडन स्पीच है, सामने आ जाइए।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: एक ही बात है, मैं यहां कंफरटेबल हूं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मैं अपना समर्थन व्यक्त करता हूं। कांग्रेस और इस देश के इतिहास को अलग नहीं किया जा सकता। कांग्रेस का आजादी की लड़ाई से पहले का इतिहास और कांग्रेस का आजादी के बाद का इतिहास, बड़ा गौरवपूर्ण रहा है। हमेशा ही यहां के गरीब आदमी कांग्रेस के साथ जुड़े हैं। आजादी से पहले के इतिहास में कांग्रेस के कितने ही नेता ऐसे हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई और इस देश को आजादी दिलाई। जो लोग आज टीका-टिप्पणी करते हैं, जो कांग्रेस को बुरा भला कहते हैं, शायद उनमें से भी कोई भी उस समय मौजूद नहीं था। अगर इतिहास की वह लड़ाई

नहीं होती, अगर जलियांवाला बाग नहीं होता, अगर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता उस लड़ाई में नहीं कूदते, तो शायद इस देश को इतनी जल्दी आजादी मिलने वाली नहीं थी। सर, मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूं कि जो लोग आज हमें ही रास्ता दिखाने की कोशिश करते हैं, जो लोग यह समझते हैं कि कांग्रेस अपने रास्ते से भटक गई है तो शायद वे गलत हैं, क्योंकि इस देश के लिए कुर्बानी देने वाली कांग्रेस ही थी और कोई दूसरी पार्टी उस समय नहीं थी जो लोग आये हैं, वे बाद में आये हैं, वे इतिहास में अब पैदा हुए हैं, लेकिन कांग्रेस ने जहां पहले दिशा दी, वहां कांग्रेस आज भी देश को एक सही दिशा पर ले जाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस गरीबों की साथी है, कांग्रेस कमजोर लोगों की साथी है। आजादी के बाद जब से कांग्रेस की सरकारें बनीं, रोटी, कपड़ा और मकान ये तीन बातें कांग्रेस के बुनियादी उसूल रहे हैं। वे चाहते थे कि देश सम्पन्न हो, वे चाहते थे कि लोगों को रोजगार मिले, छोटे उद्योग बढ़ें और उसी तरफ उन्होंने आगे काम किया। अभी कुछ बातें ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jothi, it has been a tradition not to disturb maiden speeches. Mr. Agarwal, आप बोलिए।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: कुछ बातें कही गईं जिसमें डा॰ मनमोहन सिंह जी के बारे में कहा, श्रीमती सोनिया जी के लिए भी कहा, तो दुनिया के इतिहास में शायद कोई दूसरा ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जिसने अपने लिए सीट छोड़ दी हो, जिसने कहा हो कि मैं प्रधान मंत्री नहीं बनना चाहती और उन्होंने डा॰ मनमोहन सिंह जी को प्रधान मंत्री बनाया। शायद इतना बड़ा फैसला दुनिया के किसी भी देश में, किसी भी नेता ने नहीं लिया होगा। आज उनकी भावना को समझते हुए, हमें उस भावना को एप्रिसिएट करना चाहिए, यह कहना चाहिए, हां, अगर हम कुर्बानी दे सकते हैं, तो हम देश को आगे ले जाने के लिए अच्छी नीतियां भी बना सकते हैं। जिस समय उन्होंने डा॰ मनमोहन सिंह जी को चुना, तो दुनिया के हर देश ने तारीफ की। हमारा इतिहास है, हमारा इतिहास अच्छा रहा है, हम मजबूत हैं, हमारे इरादे मजबूत हैं और वे सारी बातें हमारे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कही गई हैं, जिनको लेकर हम आगे चलना चाहते हैं। बिना आपसी सद्भाव के देश मजबूत नहीं हो सकता है, कुछ चर्चा अभिभाषण में की गई है। अगर हम ध्यान से काम करेंगे, अगर हम उन लोगों के खिलाफ डटकर अच्छे शब्दों का, कड़े शब्दों का इस्तेमाल करेंगे, जो हमें हिन्दू-मुसलमान--सिख-ईसाई के नाम पर बांटना चाहते हैं या हम उनके लिए काम करना चाहते हैं, वे हमें कमजोर करने की कोशिश करते हैं, तो हमें उनका डटकर मुकाबला करना चाहिए। मैं याद दिलाना चाहता हूं आपको, मैं छेड़ना नहीं चाहता, लेकिन जब भी कोई हादसा हुआ, तो उसमें त्रिशूल बांटने का काम किसने किया, लोगों को मुसलमानों या किसी और कौम के खिलाफ भड़काने का काम किसने किया, क्या वजह है, क्या हम उनको बांटकर देश को

मजबूत कर सकते हैं? क्या हम उनको बांटकर एक साथ लेकर चल सकते हैं? क्या हम अलग-अलग दिशाओं में ले जाकर उनके खिलाफ नफरत पैदा करके हम उनको मजबूत कर सकते हैं? सर, जब हम उनके लिए काम करेंगे, हम उनको दिल से लगायेंगे, हम उनको पढ़ाई की ओर ले जायेंगे, हम उनको रोजगार की ओर ले जायेंगे, उनको रोजगार देंगे, तभी हम सही दिशा में जा सकते हैं और अपने देश को मजबूत बना सकते हैं।

सर, राजीव जी के नाम से कुछ स्कीमें रखी गईं, उन पर भी ऐतराज किया गया। मैं नहीं समझता कि उनको राजीव गांधी के नाम पर ऐतराज था या उन स्कीमों पर ऐतराज था, जो देश के लिए लागू की गई हैं। श्री राजीव गांधी कोई छोटी शख्सियत नहीं थे, दुनिया में उनका नाम लिया जाता था, दुनिया में उनको सुना जाता था, दुनिया में उनके शब्दों को सुना जाता था, दुनिया में उनकी राय जानी जाती थी, एक मजबूत हिन्दुस्तान की कल्पना करने वाला वह नौजवान इन्सान, जो हिन्दुस्तान में कम्प्युटर लाया, जो महिलाओं को रोजगार की ओर ले गये और देश में दिशा देने वाली संस्थाओं की ओर ले गये, उन्होंने 18 साल के युवाओं को वोटिंग का राइट दिया। आज मैं नहीं समझ सका कि वह क्या कहना चाहते थे, क्या राजीव गांधी जी के नाम से उनको इतना ऐतराज है कि उनके नाम से हम कोई स्कीम चालू करते हैं तो वह नहीं की जानी चाहिए।

सर, मैं यहां बैठा था तो सोच रहा था, जब श्री राजनाथ सिंह जी बोल रहे थे कि शायद अपोजीशन के लीडर कुछ ऐसी बातें कहेंगे जिससे सरकार को परेशानी महसूस होगी। शायद वह विदेश नीति पर ईरान की चर्चा करेंगे, शायद सार्क की चर्चा करेंगे, शायद वह पाकिस्तान से अपने रिश्तों के बारे में कुछ चर्चा करेंगे कि कांग्रेस क्या सही कर रही है, क्या गलत कर रही है, लेकिन एक शब्द भी उन्होंने उस विषय में नहीं कहा। मैंने सोचा था कि शायद वह डब्ल्युटीओ के बारे में कुछ कहेंगे, जो हमारी वाणिज्य नीति से रिलेटिड है, लेकिन उन्होंने एक शब्द भी उसके बारे में नहीं कहा। उन्होंने एफडीआई के बारे में एक शब्द नहीं कहा। बिजली के उत्पादन के बारे में उन्होंने एक शब्द नहीं कहा। उसके बाद राजनीति में जो गिरावट है, जो बहुत सारे लोग पकड़े गए और स्टिंग ऑपरेशन में उनके नाम आए, उसके बारे में, उसकी मुखालफत करने के लिए उन्होंने कुछ नहीं कहा। जिस तरह उत्तर प्रदेश में जो चुने हुए नुमाइंदे हैं, उनके कत्ल हुए-राजनाथ सिंह जी उत्तर प्रदेश के हैं इसलिए मैं इसे मेंशन करना चाहता हूं-उसके बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। मैं समझता था कि जो पार्टी, जिसको वे कहते हैं कि हमारी बहुत बड़ी पार्टी है जो अभी चंद साल पहले हुई, वह हमारे लिए कहते हुए सोचेंगे। किस तरह उन्होंने अपने, उनके जो दो नेता थे, उनके साथ क्या व्यवहार किया? अभी कुछ समय पहले किस तरह उन्होंने अपने पार्टी प्रेज़ीडेंट की* करके पार्टी से बाहर निकाला, अपने पथ से अलग किया...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: *शब्द रिकॉर्ड से निकाल दिया जाए।

---

* Not recorded.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: हमारा मुकाबला किसी सूरत में नहीं किया जा सकता। हमारे नेता मज़बूत रहेंगे और देश के लिए काम करते रहेंगे...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: वह रिकॉर्ड से निकाल दिया है।

श्री अजय मारू (झारखंड)**:** सर, इनकी मेडन स्पीच है इसलिए हम टोक नहीं रहे हैं... **(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: निकाल दिया है। मैंने खुद निकाल दिया है।...**(व्यवधान)**...

श्री अजय मारू: उन्होंने कहा कि देश को बांटने का काम हमने किया। मैं चाहता हूं कि ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: जब आप बोलेंगे तब अपनी बात कहिएगा।...**(व्यवधान)**...

श्री रुद्रनारायण पाणि: वे सीनियर एमपी हैं...**(व्यवधान)**... वे जानते हैं...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: देखिए...**(व्यवधान)**...आप बैठिए। वे क्या बोलेंगे, आप और मैं नहीं कहेंगे।

श्री जय प्रकाश अग्रवाल: सर, कुछ बातें, जो मैं चाहता था कि उस अभिभाषण में हों, उनकी तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। उसमें से एक है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए क्योंकि दिल्ली के अपने फैसले दिल्ली वाले नहीं ले सकते। सिर्फ असेंबली से काम नहीं चलेगा। दिल्ली में पहले एक कमेटी रही, फिर कारपोरेशन रही, फिर मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी, फिर असेंबली दी गयी लेकिन आज जो हालात दिल्ली में इस समय हैं, उसके लिए जरूरी है कि यहां एक मजबूत सरकार हो। मजबूत सरकार तभी हो सकती है, जब हमें अपने फैसले लेने का हक दिया जाए। इसलिए आज मैं समझता हूं कि मेरी बात वहां तक पहुंचेगी और इस दिशा में कोई कदम उठाया जाएगा ताकि यहां के लॉ ऐंड ऑर्डर के बारे में, यहां की जमीन के लैंड यूज़ के बारे में या और चीजों के बारे में हमें भटकना न पड़े और अलग-अलग जगह, अलग-अलग मिनिस्टरीज़ में न जाना पड़े और हम अपने फैसले खुद ले सकें। इसलिए मेरी पुरजोर मांग है और मैं आशा करता हूं कि सरकार उसको जरूर मानेगी और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। सर, दूसरा कम्प्यूटर एजुकेशन के बारे में है जिसका जिक्र शायद इसमें नहीं है। आज दुनिया बहुत दूर जा रही है, बहुत तेजी से बढ़ रही है। आज अगर हम अपने बच्चों को स्कूलों में कम्प्यूटर एजूकेशन नहीं देंगे तो शायद वे बहुत पीछे रह जाएंगे। आज चार साल का बच्चा भी कम्प्यूटर चलाना जानता है और कम्प्यूटर ऐसी चीज़ है जो जरूरत की चीज़ है और एजुकेशन में अगर उसे शामिल किया जाएगा तो उससे बहुत लाभ होगा और हमारे नौजवान आगे जाकर अपने जीवन में कोई कमी महसूस नहीं करेंगे। तीसरा, कॉमन वेल्थ गेम्स के बारे में है, जिसका शायद इसमें जिक्र नहीं है। कॉमन वेल्थ गेम्स 2010 में दिल्ली में होने वाले हैं लेकिन

उसकी क्या तैयारी हो रही है? अभी, हम देखते हैं कि जो हमारी स्पोर्ट्स बॉडीज़ हैं, उनकी हालत बहुत खराब है। कोई भी उस दिशा में काम करने को तैयार नहीं है। हमारा इतना बड़ा हिन्दुस्तान है, इतनी लम्बी चौड़ी सड़कें हैं लेकिन एक भी धावक हमारा ऐसा नहीं है, मिल्खा सिंह के बाद, जिसने अभी तक कोई मैडल लिया हो। कोई भी तैराक हमारा ऐसी नहीं है, जबकि इतनी बड़ी हमारी बाउंडरी है, चारों तरफ समुद्र है, इतनी बडी-बडी नदियां हैं लेकिन हमारे तैराक कोई मैडल लेकर नहीं आ सकते। हॉकी में हमारा नाम था, लेकिन आज की तारीख में हम उसमें भी बहुत पीछे हो गये। उसके बाद फुटबॉल देख लीजिए। तो क्या सरकार कोई ऐसी मजबूत संस्था बनाएगी या मिनिस्टरी की तरफ से कोई ऐसा काम करेगी ताकि इन स्पोर्ट्स बॉडीज को सही किया जा सके? इनको इनके हवाले छोड़कर अगर नुकसान होता है, अगर नाम नीचा होता है तो भारत का नाम नीचा होता है। कहीं भी अगर कोई मैच होता है तो लाखों हिन्दुस्तानी उसको देखते हैं और उनके दिल धड़कते हैं। अगर हम हारते हैं तो यह हार किसी को अच्छी नहीं लगती। सिर्फ 2010 में गेम्स का मैनेजमेंट करना काफी नहीं है। उस दिशा में हमारे जो खिलाड़ी हैं, उनको भी अगर हम पूरी तरह से तैयार करेंगे तभी हम उसमें कामयाब हो पाएंगे। चौथे, जिसका जिक्र अभी तारिक अनवर साहब ने भी किया, उसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि चीन से जो माल आ रहा है, उससे हमारे छोटे उद्योगों पर बहुत फर्क पड़ रहा है। बहुत सारे छोटे उद्योग बंद हो रहे हैं, लोग बेरोजगार हो रहे हैं। जो माल यहां लाकर बेचते हैं, उनको तो फायदा हो रहा है, लेकिन जो हमारे अपने लोग हैं, हमारी जो घरेलू नीति है, जिस तरह श्रीमती इंदिरा गांधी ने घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उनको लाइसेंस दिए, बिजली दी, पानी दिया, तो आज इसकी जरूरत है कि हम कोई ऐसी रोक लगाएं, ताकि वह माल आकर हमारे उद्योगों को खराब न कर सके, उनको बंद न करे। उद्योग बंद होंगे, तो लोग बेरोजगार होंगे और उनको रोजी-रोटी के लिए तड़पना पड़ेगा।

महोदय, मेरा आखिरी प्वाइंट बिजली के उत्पादन के बारे में है। इस समय कम से कम दिल्ली में बिजली की बहुत कमी है और कई ऐसी जगहें हैं, जहां से दिल्ली को जो बिजली मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पाती है। तकरीबन 800 से 1000 मेगावॉट बिजली कम है और मैं आशा करता हूं कि कोई ऐसी स्कीम दिल्ली को देंगे कि बिजली का उत्पादन पूरा हो। हमारे यहां जो उद्योग बंद हो रहे हैं, जो कारखाने बंद हो रहे हैं, वे दोबारा से चालू हो सकें, उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। यहां से बहुत सामान एक्सपोर्ट होता है, एक्सपोर्ट की बहुत बड़ी मंडी है और अगर वह पूरा नहीं हो पाए, तो उसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। मैं आपका हृदय से आभार प्रकट करता हूं और धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। अगर मेरे शब्दों से किसी को कोई परेशानी हुई हो, तो मैं उसके लिए माफी चाहता हूं, धन्यवाद।

श्री उपसभापति: श्री अजय मारू, बोलिए। आपकी पार्टी के पास 29 मिनट बचे हैं और आपके अलावा कृपाल परमार जी भी हैं, तो समय का ज़रा ध्यान रखिएगा।

4.00 P.M.

श्री अजय मारू: उपसभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए आपने मुझे जो अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, पूर्व वक्ता माननीय सदस्य श्री जय प्रकाश अग्रवाल जी ने जो बातें कहीं, क्योंकि संसद में उनकी आयु मुझसे अधिक है, लेकिन यहां maiden स्पीच थी, इसलिए टोकना मुनासिब नहीं समझा, लेकिन हमारे दल द्वारा देश को तोड़ने की बात, बांटने की बात कही, तो मैं उन्हें स्मरण दिलाना चाहता हूं कि हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने आर्मी में जो एक समुदाय के लोगों की गणना की बात कही है, इससे कोई देश जुड़ने की बात नहीं हो रही है। इससे तो देश को बांटने की बात हो रही है और उससे सेना का मनोबल भी गिरा है।

उन्होंने बाद में जो चार मुद्दे उठाए, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो कमियां उन्होंने बताईं, मैं उनसे पूर्णतया सहमत हूं और आशा करता हूं कि इसको भी अभिभाषण में किसी न किसी रूप से जोड़ा जाएगा। महोदय, हमारे दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राजनाथ जी ने और हमारे दल के पूर्व अध्यक्ष माननीय वेंकैया नायडु जी ने काफी विस्तार से इस अभिभाषण की आलोचना की और मैं उनकी बातों से पूर्णतया सहमत हूं और अफसोस के साथ कहना चाहता हूं कि महामहिम राष्ट्रपति जी के माध्यम से यू.पी.ए. सरकार ने अपने कार्यकाल का जो ब्यौरा पेश किया है, वह न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि पूरी तरह दिशाहीन है। स्वयं राष्ट्रपति जी ने समय-समय पर देश के भविष्य के बारे में जो विचार व्यक्त किए, उनकी इस भाषण में कहीं पर भी कोई झलक दिखाई नहीं देती, पर कई महत्वपूर्ण मामलों में सरकार इन समस्याओं से बचती चली आ रही है।

महोदय, भाषण के प्रारंभ में यही यू.पी.ए. ने अपनी पीठ थपथपानी आरंभ की और कहा कि 1999 से 2003 के दौरान, यानी एन.डी.ए. के शासन काल में अर्थव्यवस्था की जो विकास दर है, वह पांच प्रतिशत थी और उसे उन्होंने कहा कि वह उत्साहपूर्वक नहीं थी। उसके बाद उन्होंने कहा कि तत्पश्चात् यानी जब यू.पी.ए. शासन में आ गया, तो 2004-05 में यह विकास दर साढ़े सात प्रतिशत हो गई और उन्होंने अनुमान लगाया है कि इस वर्ष यह विकास दर आठ प्रतिशत होगी। महोदय, मैं यहां बताना चाहता हूं कि 1991 से 1998 में देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर क्या थी, यह किसी से छिपी हुई नहीं है। 1998 में NDA के शासन में आने के बाद जो भी निर्णय लिए गए, उसके बाद ही विकास दर बढ़ती गई और इसी का परिणाम है कि 2004-05 में यह विकास दर साढ़े सात प्रतिशत हुई है। महोदय, इसके साथ-साथ इस भाषण में मुद्रास्फीति, इन्फलेशन की जो दर है, वह साधारण स्तर पर कही गई है। लेकिन यह सच है कि UPA शासन के दौरान महंगाई तेजी से बढ़ी है। आज आम जरूरतों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई है, चाहे

वह आटा हो, गेहूं हो, चीनी हो, तेल हो, दूध हो और चाहे पेट्रोलियम पदार्थ हो अथवा रसोई गैस हो। मैं रसोई का जिक्र इसलिए कर रहा हूं कि NDA के शासन काल में ऑन डिमांड यानी मांगने पर मिलती थी, लेकिन आज पूरी स्थिति बदल गई है। हर जगह इसकी कालाबाजारी हो रही है। तथा हमारे प्रदेश झारखंड में इसकी स्थिति बहुत ही गंभीर है। महोदय, मध्यम आय वर्ग के लोगों का बजट इस मंहगाई के कारण पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है तो हम निम्न आय वर्ग के लोगों की हालत का अंदाजा आसानी से लगा सकते हैं। महंगाई पर अभिभाषण में न तो कोई चिंता व्यक्त की गई है और न ही इस पर काबू पाने के लिए कोई इच्छा जाहिर की गई है। महोदय, भाषण के पैरा-7 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन आरंभ करने की बात की गई। यह अच्छी बात है, पर ग्रामीण इलाकों में कई ऐसी बीमारियां होती हैं जिनका इलाज उन केन्द्रों पर नहीं हो सकता है। उसके लिए ग्रामीणों को शहरों की ओर आना पड़ता है। आज हम सब सांसद देखते हैं कि प्रतिदिन एम्स में अपने मरीजों को दिखाने के लिए हमें रोज-रोज पत्र लिखना पड़ता है । जब तत्कालीन NDA सरकार देश में इस समस्या के निराकरण के लिए एम्स की तर्ज पर 6 राज्यों में सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल खोलने का निर्णय लिया था और अन्य 11 राज्यों में सरकारी मैडिकल कॉलेज संस्थानों को एम्स जैसा करने का प्रस्ताव रखा था, उनमें मेरा प्रदेश झारखंड भी था, लेकिन पिछले बीस महीनों में इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है और न ही इस अभिभाषण में इसका कोई जिक्र है। महोदय, इसी तरह पैरा -17 में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के बारे में कहा गया है, जो चार लेन की Golden Quadrilateral योजना है, उसका काम पूरा होने वाला है, लेकिन वस्तुस्थिति ठीक इसके विपरीत है। हम सब जानते हैं कि Golden Quadrilateral योजना NDA सरकार ने आरम्भ की थी और उस समय इसका काम तेजी से चल रहा था। जहां तक मुझे जानकारी है कि इसको इस वर्ष में पूरा हो जाना था, लेकिन UPA की सरकार के आने के बाद इसकी रफ्तार धीमी हो गई और इस परियोजना को पूरा करने की डेडलाइन आगे खिसकती गई। हमें इसके बारे में अब जो जानकारी मिली है कि यह 2007 या 2008 में किसी समय पूरी होगी। इसके बारे में हमें समाचारपत्रों से जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके मुताबिक आठ ऐसे राज्य हैं जहां भूमि अधिग्रहण का काम पूरा नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश में जहां Golden Quadrilateral योजना के 471 हैक्टेयर भूमि की आवश्यकता थी, वहां आज मुश्किल से 71 हैक्टेयर जमीन एक्वायर हुई है। अत: सरकार को इस मामले में वस्तुस्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और दस हजार किलोमीटर के अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग की क्या योजना है और इसके लिए धन कहां से आएगा, यह भी स्पष्ट करना चाहिए। महोदय, अभी हाल में ही एक समाचार छपा था जिसमें नेशनल हाईवे अथोरिटी ऑफ इंडिया ने एशियाई विकास बैंक से जो ऋण लिया था, उसकी पहली किश्त के भुगतान में विलम्ब कर दिया था, जिसके चलते हमारी साख एशियन डेवलेपमेंट बैंक में कम हुई है। मैं यह जानना चाहता हूं कि किन परिस्थितियों में ऋण की अदायगी नहीं की गई और इसमें जिम्मेदार व्यक्तियों के विरूद्ध सरकार ने क्या कार्य किया? इसके अलावा

हमारे प्रदेश में नेशनल हाईवे-33 जो बहरागोड़ा से बरई तक है, जिसका DPR भी हो गया था और उसका कार्य NDA के शासनकाल में आरम्भ हो गया था, लेकिन आज UPA सरकार के आते ही वह कार्य बंद कर दिया गया है। महोदय, अभिभाषण के पैरा-20 में रेल व्यवस्था पर संतोष एवं गर्व की अनुभूति की गई है। परन्तु यात्रियों की सुरक्षा के लिए चिन्ता व्यक्त नहीं की गई है। हाल के दिनों में ट्रेनों में लूट-पाट, बलात्कार की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, फिर भी इस मामले में कोई भी ठोस कदम उठाने की आवश्यकता महसूस नहीं की गई है।

महोदय, उसी तरह दूरसंचार के क्षेत्र में भी काफी प्रगति हुई है और यह सच भी है। शुल्क में कमी आई है। पर यह भी सच है कि हाल के दिनों में दूरसंचार की सेवा के स्तर में काफी गिरावट आई है। आज बी॰एस॰एन॰एल॰ के ग्राहकों द्वारा कनेक्टिविटी की समस्या सिर्फ शहरों में ही नहीं, बल्कि हर जगह महसूस की जाती है। ट्राई ने मोबाइल नेटवर्क पर नवम्बर, 2005 के दौरान कंजेशन पर जो अध्ययन पेश किया है, उसके अनुसार निजी कम्पनियों और बी॰एस॰एन॰एल॰ के बीच कनेक्टिविटी सबसे ज्यादा खराब देखी गई है। ट्राई ने कंजेशन का अधिकतम स्तर 0.5 परसेंट तय किया है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है।

महोदय, अभिभाषण में कहा गया है कि हमारी न्यायिक प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। इससे किसी को भी विरोध नहीं है, परन्तु हम सब जानते हैं कि न्यायालयों में जो लम्बित मामले हैं, वे दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं। उच्च न्यायालयों में 36 लाख तथा जिला और उसके निचले स्तर के जो न्यायालय हैं, उनमें ढाई करोड़ से ज्यादा मामले लम्बित हैं न्यायाधीशों की कमी के चलते भी यह स्थिति और चिन्ताजनक होती जा रही है। महोदय, हमारे देश के 21 उच्च न्यायालयों में, जहां न्यायाधीशों के 675 पद हैं, वहां आज भी 122 पद रिक्त हैं। समय-समय पर इस सदन के माध्यम से सरकार की ओर से आश्वासन मिलता रहा, लेकिन उसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पिछले सत्र में जब मैंने अपने प्रदेश झारखंड के बारे में और उच्च न्यायालय के बारे में सदन का ध्यान आकृष्ट किया था, तो न्याय मंत्री जी ने कहा था कि एक महीने के अन्दर वे पद भर दिए जाएंगे, लेकिन आज भी हमारे प्रदेश झारखण्ड के उच्च न्यायालय में, जहां न्यायाधीशों के 12 पद हैं, वहां आधे पद अभी भी खाली हैं आम लोगों को न्याय नहीं मिलने की वजह से, कई सामाजिक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। सरकार ने इस विषय को गम्भीरता से नहीं लिया है और न ही इस पर विचार करने की आवश्यकता महसूस की है।

महोदय, अभिभाषण के पैरा 26 में सरकारी कर्मचारियों के लिए छठे वेतन आयोग गठित करने की बात कही गई है। यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन उनकी कार्य-पद्धति, पी॰एस॰यूज॰ में अधिक कर्मचारियों के चलते घाटे, सिविल सेवकों में भ्रष्टाचार को रोकने तथा सजा को और कड़ा बनाने-सम्बन्धी सरकार की कोई भी नीति इसमें स्पष्ट नहीं होती है।

महोदय, विश्व बैंक के एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में सरकारी कर्मचारियों की जो औसत आय है, वह 75 हजार रुपए प्रति वर्ष है, जबकि हमारे देश में आम नागरिक की वार्षिक आय 15 हजार 6 सौ रुपए है। यानी भारत में सरकारी कर्मचारियों का वेतन आम नागरिक की आय से 5 गुना अधिक है। इंग्लैंड में अगर हम इन्हीं आंकड़ों को देखते हैं, तो वहां सरकारी कर्मचारी और आम नागरिक में 1.4 गुना अधिक, सिंगापुर में 2.9 गुना अधिक, चीन में 1.2 गुना अधिक और मलेशिया में 2.9 गुना अधिक है। महोदय, अगर हम इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट, बंगलौर के प्रोफेसर, श्री आर॰ वैद्यनाथ की बात मानें, तो उनके अनुमान से भारत में सरकारी कर्मचारी साल-भर में डेढ़ लाख करोड़ रुपए भ्रष्टाचार के रूप में प्राप्त करते हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार भारत सरकार वर्तमान में कर्मचारियों पर 37 हजार करोड़ रुपए वेतन के रूप में दे रही है। यानी अगर हम देखें तो भ्रष्टाचार से मिलने वाली राशि से यह 4 गुना अधिक हो जाती है। अगर आम आदमी की आय और इन सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली राशि को मिलाएं, तो यह 25 गुना अधिक हो जाती है। मैं यह नहीं मानता कि सभी सरकारी अधिकारी भ्रष्ट हैं। अत: आम आदमी की आय कैसे बढ़े, सरकार ने इस विषय पर इस अभिभाषण में कोई भी चिन्ता जाहिर नहीं की है और मंहगाई की मार उल्टे उसे झेलनी पड़ रही है।

महोदय, हमारे देश में आज भी 200 जिले ऐसे हैं, जो बहुत पिछड़े हैं। यह सरकार उन्हें विकसित करने के लिए क्या कार्य कर रही है, यह तो पता नहीं लेकिन मेरे प्रदेश झारखंड के हजारीबाग जिले में एन॰डी॰ए॰ के शासन काल में चल रही योजनाओं को बन्द करने का कार्य यू॰पी॰ए॰ सरकार कर रही है। इसका जिक्र आज के शून्य काल में और कल के भी शून्य काल में हुआ था।

वहां पर वर्ष 1999 से एनडीए सरकार ने जो इन्कम टैक्स विभाग का प्रशिक्षण केन्द्र खोला था, उसको 6 साल बाद यह सरकार यह कहते हुए बंद कर रही है कि वहां पर न रेल सुविधाएं हैं, न होटल की सुविधाएं हैं और वह उग्रवाद प्रभावित इलाका है यह सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, यह इससे पता चलता है।

महोदय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा 40 में कहा गया है – ''मेरी सरकार ने भारतीय विज्ञान संस्थान की तर्ज पर कोलकाता, पुणे और पंजाब में बुनियादी विज्ञान में उत्कृष्टता के नए केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है।'' मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि पूर्व की एन डी ए सरकार ने भुवनेश्वर में इसी की तर्ज पर भारतीय विज्ञान संस्थान खोलने का निर्णय लिया था, लेकिन अगले कुछ महीनों में पश्चिमी बंगाल में चुनाव को देखते हुए और वर्ष 2007 में पंजाब में चुनाव को देखते हुए भुवनेश्वर और एक अन्य स्थान से वे केन्द्र हटाकर इन स्थानों पर दिए जा रहे हैं। इसी के साथ ही इस पैरा 40 में दो स्थानों का तो स्पष्ट उल्लेख किया गया वे हैं कोलकाता और

पुणे, लेकिन पंजाब में किस स्थान पर यह केन्द्र बनेगा, अमृतसर में बनेगा, कहां पर बनेगा, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है।

महोदय, अंत में मैं अपने राज्य झारखंड का जिक्र करना चाहूंगा। झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है और प्रगति के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। हमारी बार बार मांग रही है कि खनिजों में, विशेषकर कोयला की रायल्टी बढ़ाई जाए। यहां पर अभी हमारे कोयला मंत्री जी बैठे हैं जब यह प्रथम बार कोयला मंत्री बने थे तो इन्होंने यह आश्वासन दिया था कि कोल इंडिया का हैडक्वार्टर झारखंड में लाया जाएगा। इसके साथ ही डीवीसी का हैडक्वार्टर भी झारखंड में लाया जाए। मैं जानना चाहूंगा कि इस दिशा में सरकार क्या कार्य कर रही? एचईसी, यानि हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन उसके पुनरूद्धार के लिए केन्द्र ने जो सौतेला व्यवहार अपनाया हुआ है, उसके बारे में तथा अन्य रुग्ण उद्योगों के बारे में इस अभिभाषण में कुछ नहीं कहा गया है। एचईसी के लिए हाल में जो पैकेज की घोषणा की गई थी, उसके बारे में स्वयं झारखंड हाईकोर्ट ने कहा है कि यह पैकेज मूर्ख बनाने वाला है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस उद्योग की, जिसकी स्थापना हमारे प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने की थी, इस एचईसी उद्योग को पूरा सहयोग दिया जाए।

श्री दीपांशकर मुखर्जी: सिंदरी का आपने नहीं बोला।

श्री अजय मारू: महोदय, मैंने सिंदरी का जिक्र इसलिए नहीं किया, क्योंकि राम विलास पासवान जी ने यह आश्वासन दिया है कि अगले 6 महीने में वहां पर जो खाद का कारखाना है, उसे पुनर्स्थापित किया जाएगा। अब जब सिंदरी का जिक्र आया है, तो मैं एक जानकारी इस सदन को देना चाहता हूं कि अभी हाल ही में मैं पार्लियामेंटरी स्टेंडिंग कमेटी ऑन कैमिकल एंड फर्टिलाइजर की बैठक में अहमदाबाद गया था। अहमदाबाद में कृभको, जिसमें भारत सरकार का 273 करोड़ रुपया लगा हुआ है। जब हम उसकी समीक्षा कर रहे थे, तो एक ऐसी बात प्रकट हुई, जिसकी ओर इस सदन को ध्यान देना चाहिए, कि उस कोपरेटिव संस्था ने उत्तर प्रदेश की ओसवाल फर्टिलाजर की एक यूनिट को 1900 करोड़ रुपए में खरीदा। इसमें एक प्रावेट कंपनी से 280 करोड़ रुपए लेकर 40 प्रतिशत की पार्टनरशिप उसमें दे दी गई। इसमें न तो कोई बिड मांगी गई, बल्कि गुपचुप तरीके से श्याम इन्फोटेक जो कंपनी है, जो फर्टिलाइज़र के पेशे में नहीं है, उस कंपनी को पार्टनरशिप दे दी गई मैंने इस प्रश्न को दूसरे मंचों से भी उठाया है। इससे पता चलता है कि यूपीए सरकार की क्या नीति है? इस कोपरेटिव संस्था में किसी तरह से पारदर्शिता नहीं बरती गई, बल्कि उस कंपनी को खरीदने में जो 1900 करोड़ रुपए की लागत आई, उसमें उस कोपरेटिव संस्था ने एक प्राइवेट कंपनी को अपनी पार्टनरशिप दे दी । उस चालू ओसवाल फर्टिलाइजर को खरीदते समय न तो उस कंपनी की वेल्युएशन की गई और जब उस कंपनी को खरीदने का निर्णय हुआ और एजीएम बुलाई गई, तो उस एजीएम में न तो उसके मैंनेजिंग

डायरेक्टर और न ही चेयरमैन उपस्थित हुए। उनके पीछे यह तय कर लिया गया और 1900 करोड़ रुपए में उस यूनिट को खरीद लिया गया। इसमें क्या घपला हुआ है, उसकी बात तो बाद में बात की जाएगी, लेकिन मैं सरकार से चाहूंगा कि वह इस बारे में सदन को जानकारी दे।

महोदय, जैसाकि में बता रहा था कि झारखंड उग्रवाद से जूझ रहा है और 22 जिलों में से 18 जिलों में उग्रवाद फैला हुआ है। मैं चाहूंगा कि इस समस्या के समाधान के लिए केन्द्र भी मदद करे।

महोदय, इन सभी बतों को देखते हुए मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण आधा-अधूरा और दिशाहीन नजर आता है और मैं समझता हूं कि इसमें कई संशोधनों की आवश्यकता है। अत: मैं अभिभाषण को इसके वर्तमान स्वरूप में पारित किए जाने का विरोध करता हूं। धन्यवाद।

कुमारी निर्मला देशपांडे (नाम-निर्देशित): उपसभापति महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने के लिए समय दिया, सबसे पहले मैं इसके लिए आपका शुक्रिया अदा करना चाहती हूं और अपने तेलगू भाई-बहनों को आज के अवसर पर बधाई भी देना चाहती हूं।

महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सब प्रकार के कार्य का, योजनाओं का लेखा-जोखा दिया गया है और भविष्य के लिए दिशा-निर्देश भी दिया गया है। अनेकों बातें हैं, मैं कुछ चुनी हुई बातों पर ही ज़िक्र करने की कोशिश करुंगी। सबसे पहली बात, जिस पर आज सुबह ही चर्चा हुई, किसानों की आत्महत्या को लेकर है। मैं विनम्रता से निवेदन करना चाहती हूं कि बहुत सारे उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन *मर्ज़ बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की,* ऐसा क्यों हो रहा है। मेरी अपनी छोटी समझ के मुताबिक खेती की जो पद्धति हम लोगों ने अपनाई है, उसमें आमूल-चूल परिवर्तन करने की जरूरत है और जिसे आर्गेनिक फार्मिंग कहते हैं या हम लोगों ने जिसे नाम दिया है अहिंसक खेती, उसकी तरफ देश को ही नहीं, दुनिया को भी आगे बढ़ना होगा ताकि धरती माता की भी रक्षा हो, सॉयल की फर्टिलिटी भी कायम रहे और किसानों को कम से कम लागत में खेती करने का अवसर भी प्राप्त हो और साथ ही साथ किसानों के कर्जे में डूबने की नौबत न आए। तो अहिंसक खेती की तरफ, आर्गेनिक फार्मिंग की तरफ मैं आपके द्वारा सदन का और सरकार का ध्यान खींचना चाहती हूं। महोदय, इसके साथ महामहिम राष्ट्रपति जी के उस वाक्य को मैं पढ़ देना चाहती हूं

"While we remain concerned over infiltration and cross-border terrorism and expect Pakistan to fulfil its commitment in this regard, we reiterate our commitment to the composite dialogue process."

जो आखिरी वचन है कि हमारा कमिटमेंट है, हमारी प्रतिबद्धता है इस बातचीत को आगे बढ़ाने की, यह बड़ा ही आशा देने वाला वचन है। इस सिलसिले में मैं यह कहना चाहती हूं कि

बातचीत चल रही है, रास्ते खुल रहे हैं, बहुत खुशी की बात है और इसके लिए दोनों सरकारों को मुबारकबाद देनी होगी। अभी हाल ही में जो ट्रेन चली-खोखरापार-मुनाबाव, कराची से जोधपुर तक, मैं बताना चाहती हूं कि पाकिस्तान के दोस्तों ने भी कहा कि कराची में तो ऐसा जश्न का माहौल था, जैसे कोई बहुत बड़ी बात हो रही है। बहुत खुश थे लोग, ढोल बज रहे थे, मिठाइयां बंट रही थीं। हमने यह भी सुना कि जोधपुर में भी वैसा ही माहौल था, जब वहां की ट्रेन आई, लोग उतरे। तो दोनों तरफ यह जो खुशी का हज़हार हुआ है, हालांकि यह एक छोटी सी बात है–ट्रेन का चलना 40 साल के बाद, लेकिन इस छोटी-सी बात से भी पता चलता है कि दोनों देशों की जनता क्या चाहती है। उधर लाहौर-अमृतसर के बीच भी बस अब चलने वाली है, वह ननकाना साहब तक जरूर चलनी चाहिए ताकि ननकाना साहब के हमारे सारे भक्तजनों को सीधे अमृतसर से वहां जाने का मौका मिले। यह भी एक ऐसा कदम है कि जिसकी जितनी भी सराहना की जाए, थोड़ी ही है। इसी के साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगी कि वह जो कश्मीर में सभी रास्ते हैं, चाहे स्कर्दू और कारगिल हो, चाहे रावलाकोट और पुंछ हो, चाहे जम्मू और सियालकोट हो, सभी रास्ते खोल दिए जाएं ताकि लोगों का आपस में आना-आना हो, तिजारत हो, माल भी इधर से उधर जा सके, साथ ही साथ लोग अपने बिछड़े हुए साथियों और रिश्तेदारों से मिल सकें और एक नयी फिज़ा बन सके। अमन सेतु और पुंछ से लेकर जो रास्ते खुले हैं, उसके लिए हम बहुत-बहुत मुबारकबाद देना चाहते हैं इस तरह से और भी जितने रास्ते खोले जा सकते हैं, खोले जाएं। अभी जो एक ट्रेन चलाई गई है, इसे दोनों तरफ थोड़ा और आगे बढ़ा सकते हैं। उस ट्रेन को अगर अजमेर शरीफ से लेकर झूलेलाल जी के स्थान तक चलाया जाए, तो दोनों समुदायों के भक्तजनों का आना-जाना इतना आसान हो जाएगा और एक नई फिज़ा बनती चली जाएगी।

इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहती हूं कि दोनों देशों की जनता चाह रही है कि दोस्ती हो, संबंध सुधरें, अमन हो और जंग हमेशा के लिए खत्म हो जाए। अमन के लिए जो तड़पन जनता में है, उसी को याद रखते हुए हम दोनों देशों से अपील करना चाहेंगे कि ज़रा अपनी रफ्तार को तेज़ करें। यह ठीक है कि हम सही लाइन पर जा रहे हैं, लेकिन रफ्तार को और तेज किया जाए। वक्त आपका इंतज़ार नहीं करेगा, मुझे वह शेर याद आता है:

तारीख़ की नज़रों ने, वो दौर भी देखा है।

लम्हों ने ख़ता की थी, सदियों ने सज़ा पाई।।

अब वह लम्हा आ गया है, अब हमसे ख़ता न हो। ख़ता न इधर से हो, न उधर से हो और अमन की राह पर हम तेज़ी से आगे बढ़ें ताकि जल्दी से जल्दी हम अपनी सब समस्याओं का निपटारा कर सकें।

आज सबसे मुश्किल समस्या जो लगती है, जिसे कश्मीर की समस्या कहा जाता है, लेकिन बात यह है कि

समस्या मुश्किल है हुकूमतों के लिए।
मुश्किल नहीं है आवाम के लिए।।

दोनों देशों की जनता को जितना मिलने दिया जाएगा और जितना बात-चीत करने दिया जाएगा, समस्या का हल उतना ही निकलता नज़र आएगा और फिर वह दिन, वह लम्हां दूर नहीं रहेगा जब हम देखेंगे कि हमने जिसे चीज़ को बहुत मुश्किल समझा था, वह तो बहुत आसान निकली, इसलिए मैं इसकी तरफ भी ध्यान दिलाना चाहती हूं।

टेररिज्म, दहशतगर्दी या आतंकवाद की जो बात है, यह तो आजकल एक ऐसा शब्द हो गया है कि कभी-कभी हम लोग जब किसी मीटिंग या सैमिनार में जाते हैं, तब लगता है कि भगवान का नाम कम याद करते हैं, लेकिन आतंकवाद का नाम ज्यादा याद करते हैं। यह एक बहुत बड़ी समस्या है, इससे कोई इन्कार नहीं है, लेकिन यह समस्या ऐसी है जो सबकी है। आतंकवाद यदि हमारे लिए एक समस्या है तो यह हमारे पड़ोसियों के लिए भी एक समस्या है। मैं यह जरूर अर्ज करना चाहूंगी कि जिन आतंकवादियों ने, जिन दहशतगर्दी को चाहने वाले लोगों ने हमारे खिलाफ़, हिन्दुस्तान में जगह-जगह ऊधम मचाया और यहां तक कि दिवाली के दो दिन पहले भी ग़लत काम किए, बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतारा, उन्हीं आतंकवादियों ने दो बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल मुशर्रफ साहब पर भी हमला किया था, इस बात को हमें नहीं भूलना चाहिए। इसलिए यह जो आतंकवाद है, यह जो दहशतगर्दी है, हम कहेंगे कि यह कॉमन एनिमी है। यहां मैं पड़ौसी के लिए दुश्मन शब्द का इस्तेमान नहीं करना चाहती हूं, लेकिन जो आतंकवादी हमको भी सता रहा है, उनको भी सता रहा है और हर देश को सता रहा है, उनका मुक़ाबला सभी को मिल कर करना होगा। हमारा काम ऐसा साझा होना चाहिए जिसमें हिन्दुस्तान, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश सभी मिलकर कोई ऐसी स्ट्रैटेजी या रणनीति बनाएं कि इन चन्द तत्वों का मुकाबला हम मिल कर करें, जो हम सबके लिए जीना मुश्किल कर देते हैं।

इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहूंगी कि यह साल भारत-चीन मैत्री का वर्ष है, "India-China Friendship Year" है और हम क्यों न इसका भी लाभ उठाकर दोस्ती का हाथ बढ़ाएं। हमने यह हाथ बढ़ाया तो है, हमने कुछ काम भी किए हैं, जिसके लिए यह सरकार सराहना की पात्र है, लेकिन यह कार्य कुछ और तेज़ी से आगे बढ़े तो इधर भी और उधर भी एक दोस्ती की फिज़ा बनती चली जाएगी। जिससे हम अवाम की बेहतरी के लिए, जनता की भलाई के लिए मिलकर और ज्यादा काम कर सकें। इसी सिलसिले में महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो जिक्र किया था कि अपने समाज के 15 करोड़ भाई-बहनों के लिए हमने कुछ योजनाएं बनाई हैं और जिसमें से एक काम जो हुआ है कि मॉयनोरिटीज के मिनिस्टर बनाए गए हैं। मुझे बहुत खुशी है कि इस वक्त वे सभागार में मौजूद हैं, मैं उनका स्वागत करना चाहती हूं और यह भी कहना चाहती हूं कि यह एक ऐसा कदम है जिसकी हर सोचने-समझने वाले हिन्दुस्तानी को सराहना करनी चाहिए।

लोग सवाल उठाते हैं, हमारे भाइयों ने भी यहां पर कई सवाल उठाए। मैं आपको एक सेमिनार की बात सुनाना चाहती हूं। हमारे यहां के कुछ भाई-बहनों की जहनियत, मानसिकता वाले बड़े-बड़े लोगों का जमघट था। वहां पर हमारे एक दोस्त रिटायर्ड कर्नल ए॰आर॰ खान साहब भी मौजूद थे। वहां यही कहा गया कि यह तो जान देने का सवाल है आर्मी में, सिक्योरिटी की जब बात आती है तो यह देखना होता है कि देश के लिए कुर्बान होने के लिए कौन तैयार है और कहने का इशारा क्या था, आप समझ सकते हैं। तो हमारे खान साहब से रहा नहीं गया, वे उठ खड़े हुए और कहने लगे कि आप सब दानिशों से मैं पूछना चाहता हूं कि इस देश में जो तीन जंगें-लड़ाइयां हुई हैं उनमें किसने अपना खून बहाया है या किस के बेटे ने बहाया है? तो सब खामोश। तो कर्नल साहब बोले कि यह आपके सामने बन्दा खड़ा है जिसने दो जंगों में न सिर्फ अपना खून बहाया है, बल्कि एक जंग में मुझे मरा समझकर फैंक दिया गया था, वह बन्दा यहां खड़ा है। हमसे पूछा जा रहा है कि लॉयल्टी का सवाल उठता है जब सिक्योरिटी की बात होती है। किससे आप पूछ रहे हैं? यह बात मैं आज जरूर कहना चाहती हूं कि हिन्दुस्तान की फौज में जो कोई है, मुझे गौरव के साथ कहना चाहिए कि इसमें कोई शक नहीं कि एक इंस्टीट्यूशन हमारे देश में है जो आज भी सेक्युलर है। मैं यहां गुजरात का जिक्र जरूर करना चाहूंगी कि वहां की जो विक्टम औरतें थी 2002 के कार्नेज के वक्त, वहां मुझे कैम्पों में बताया कि ये जो फौजी हैं वे तो देवता हैं, लेकिन यह जो पुलिस वाले हैं यह बड़े राक्षस हैं, क्यों? इसलिए कि फौजियों ने ऐसा काम किया था कि लोगों को वे देवता नजर आए। क्योंकि यह तो फौज की हमारी परम्परा है, उसकी रक्षा हमेशा होनी चाहिए। लेकिन सच्चर साहब ने जो वह मांग की, उसमें कौन सी बेजा मांग थी। उससे दोस्तों के दिल में क्यों आग लग गई है। उन्होंने खाली यह कहा कि जरा गिनती करके बता दीजिए, गिनती तो होती ही है। इस गिनती करने से कौन सा सम्प्रदायवाद पनपने वाला है और हिन्दुस्तान की फौज ऐसी कच्ची सोच की नहीं है, वह हमेशा सेक्युलर बनी रहेगी, हमको पूरा भरोसा है। गिनती सिर्फ इसलिए की जा रही है, मैं एक पुरानी बात बताना चाहती हूं 1947 में जब बंटवारा हुआ, तब फौज में जो मुस्लिम समाज के थे, उनसे कहा गया कि आपको पाकिस्तान जाना पड़ेगा। कुछ लोग मजबूरी में चले गए, लेकिन एक बिग्रेड, मैं उसका नाम नहीं लूंगी, सारे सोल्जर्स और अफसरों ने कहा कि हम नहीं जाएंगे चाहे हमको कोर्ट मार्शल करो, हम यहीं हिन्दुस्तान में रहेंगे। मसला खड़ा हो गया और फिर यह फैसला हुआ कि कुछ को रहने दिया जाए। तो इसलिए कुछ को रहने दिया गया, औरों को जबर्दस्ती भेजा गया तो संख्या, तादाद कम हो गई। अब उसकी जरा गिनती हो जाए और पता चले कि किस तरह ठीक से बेलेंस हो। तो कौन सा बेजा काम किया था सच्चर साहब ने, जो एक जाने-माने न्यायाधीश और सेक्युलर सोच के इंसान हैं।

उस पर हंगामा क्यों मचाया जा रहा है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि यह एक मानसिकता है, यह एक जहनियत है जो हमेशा हमारे दिमाग में घुसा हुआ कीड़ा है, वह हमको

सही राह पर जाने नहीं देता है। क्या यह शब्द है, जिसे कहते हैं तुष्टिकरण, किसका तुष्टिकरण, कौन जनता में काम कर रहा है, मैं चुनौती के साथ कहना चाहती हूं कि इस देश के, हर प्रदेश के गांव-गांव के लोगों में, मैं पैदल घूमी हूं, इस देश को मैं जानती हूं और इस देश के गरीबों का हाल जानती हूं, इस देश के मुसलमानों का हाल जानती हूं और कहना चाहती हूं मीराबाई के भजन को याद करते हुए, ''घायल की गति घायल जाने, जो काई घायल होय।'' क्या दर्द है हमारे मुस्लिम भाई-बहनों के दिल में, कौन जान सकता है, जिनके तार उनके दिलों के साथ जुड़े होते हैं, वे जान सकते हैं और वह दर्द कैसे मिटेगा, कैसे रोजगार के मौके मिलेंगे, कैसे शिक्षा के मौके मिलेंगे, कैसे जो एक खौफ-डर है उससे मुक्ति मिलेगी, ये सारे सवाल हमारे सामने हैं और इसीलिए यह सरकार इस दिशा में जो अच्छे कदम उठा रही है, उनकी हम जरूर सराहना करना चाहते हैं। हम कहना चाहते हैं कि और आगे बढ़ें---हमारे इस भारत देश में, सब हमारे भाई-बहन हैं। लेकिन इसी के साथ जुड़ी हुई एक बात, जो मैंने अपने पड़ौसी देशों के हुक्मरानों से भी कही थी कि मेरे देश के हिन्दू-मुसलमान दोनों की रक्षा करने के लिए आज कोई गांधी बचा नहीं है, हम बहुत छोटे सेवक हैं। गांधी जी ने कहा था कि मेरी दो आंखें हैं---एक हिन्दू और एक मुसलमान और जब एक आंधी उठी थी हिन्दू राष्ट्र बनाने की, तो गांधी जी ने कहा कि यह देश हिन्दू राष्ट्र नहीं बनेगा, यह देश भारतीय राष्ट्र बनेगा, इंडियन स्टेट होगा और इसके लिए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। आज गांधी नही हैं, आज अगर हम चाहते हैं कि सेक्युलरिज्म बचे, आज अगर हम चाहते हैं कि सबकी रक्षा हो, सबको समान अधिकार मिले, तो हमको दो काम साथ-साथ करने होंगे, यह मेरी जाती व्यक्तिगत राय आप समझिये। एक तरफ हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई का नारा और उसके लिए जो कुछ करना है वह सब करें और साथ-साथ हिन्द-पाक दोस्ती जिंदाबाद, दोनों नारे लगाने होंगे और जंग नहीं अमन चाहिए यह भी नारा लगाना होगा। हमें दोनों देशों के बीच दोस्ती को बढ़ाने का काम और भारत में सेक्युलरिज्म की रक्षा का काम, दोनों साथ-साथ करने होंगे और करेंगे और इसके लिए एक जन-आंदोलन खड़ा करना होगा। डेमोक्रेसी में सबसे बड़ी ताकत जनता की होती है, अवाम की होती है और मैं देख रही हूं कि किस तरह एक ट्रेन चल पड़ी, तो पाकिस्तान में हमारों लोग जश्न मनाने के लिए खड़े हुए और हमारों लोग हिन्दुस्तान में जश्न मनाने के लिए खड़े हुए, मुझे उम्मीद है कि जितने आने-जाने के रास्ते खुल जायेंगे और जितने हम लोग एक-दूसरे से मिलेंगे, तो दोनों देशों में ऐसा एक सैलाब आयेगा, ऐसा एक जन-आंदोलन अमन का खड़ा होगा कि नफरत की सारी दीवारों के ढा दिया जायेगा। वह दिन दूर नहीं है, बहुत जल्दी ही आने वाला है। अवाम की ताकत पैदा हो रही है। हां, एक बात की तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहूंगी कि दोनों देशों की सरकारें अभी भी वीजा के मामले में इतनी कोताही करती हैं कि हम लोगों को एक-दूसरे से मिलने में लगता है कि चांद पर जाना आसान है, लेकिन दस कदम पार करके पड़ौसी से मिलना मुश्किल है। जरा वीजा को भी जितना ढीला कर सकते हैं, उतना करने की कोशिश हो, यह मैं कहना चाहती हूं। यह जो माइनारिटीज़ के लिए अलग विभाग बनाया है,

इसके जरिये से मुझे उम्मीद है कि बहुत काम होगा और बड़ा काम करना होगा, मेरी बहनों के लिए, मेरी मुस्लिम समाज की बहनें बहुत तकलीफ में हैं। कैसे इनको ऊपर उठाया जाये, कैसे शिक्षा और रोजगार के अवसर दिये जायें, कैसे नई सोच उन तक पहुंचाई जाये, इसकी तरफ भी ध्यान देना बहुत जरूरी है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा था कि 1857 की जंगे-आजादी को हम फिर याद करने वाले हैं। डेढ़ सौ साल पहले पूरे होने वाले हैं। वह बहुत ही अच्छा फैसला है। वह एक ऐसा वक्त था - 1857 के वक्त न कोई हिन्दू था, न कोई मुसलमान था, न कोई ब्राह्मण था, न कोई और जाति का था, उस वक्त हर कोई हिन्दुस्तानी था और चलता था नारा - खल्क खुदा का, मुल्क बादशाह का, हुक्म रानी साहिबा का। सबसे ज्यादा अगर किसी की शोहरत थी तो झांसी की रानी की थी। मुझे इस बात के लिए बड़ा गर्व महसूस होता है कि अंग्रेज अफसरों ने, जो बड़े-बड़े सेना के नायक थे, उन्होंने अपनी सरकार को लिखा कि हमारे दुश्मन की फौज में, एक नौजवान महिला सबसे काबिल जनरल उस वक्त थी, यह अंग्रेजों को कहना पड़ा। The best, the ablest and the most competent general of our enemy's army was a young woman, the Rani of Jhani, सब बातों को हम याद करें और उस वक्त सबने किस तरह मिलकर लड़ाई लड़ी थी, उसको भी याद करें। वह एक ऐसा अवसर होगा जो देश में साम्प्रदायिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में बहुत ही कारगर साबित होगा - हम इसका इस्तेमाल करें। पाकिस्तान में भी मैंने बात की तो लोगों ने कहा, हम लाहौर में, पेशावर में, 1857 के वक्त जो बहुत कुछ हुआ है, हम भी यहां मिलकर मनाएंगे, हम सब मिलकर मनाएंगे। कैसे मिलकर हमने आज़ादी की लड़ाई लड़ी थी, उसको याद करेंगे ताकि दिलों को जोड़ने का काम आसान हो जाए। इस फैसले के लिए मैं सरकार की सराहना करना चाहती हूं। यह साल भगवान बुद्ध के 2550 के महा-परिनिर्वाण का है। पचास साल पहले प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण का पर्व बहुत शानदार तरीके से मनाया था और सारे बौद्ध देशों से लोगों को बुलाया था। अब, पचास साल के बाद, हमें खुशी है कि इस सरकार ने फिर एक राष्ट्रीय समिति बनायी है और पहला काम यह हुआ कि चीन की महान हस्ती हुएन सांग, जिनको चीनी लोग शुआन चांग कहते हैं, उनके नाम से एक बहुत बड़ी कान्फ्रेंस नालंदा में हुई और सारी दुनिया के देशों से लोग आए। तब हमने देखा कि कितना बड़ा काम नालंदा विश्वविद्यालय में हुआ है जिसे आज भी सारी दुनिया याद करती है। उसको भी याद करें, शुआन सांग को भी याद करें, भारत-चीन मैत्री वर्ष को भी साथ मनाएं, यह मेरी इस वक्त पर गुज़ारिश है। आपने हमें मौका दिया, इसके लिए मैं फिर से शुक्रिया अदा करना चाहती हूं और कहना चाहती हूं कि हमारा नया नारा कुछ नया होना चाहिए जो मेरे गुरु विनोबा भावे ने दिया था - जय जगत। सारी दुनिया की जय हो। धन्यवाद।

DR. P.C. ALEXANDER (Maharashtra): Mr. Deputy Chairman, Sir, I would like to avail of this opportunity to raise two or three issues reference to which has been conspicuously absent from the speech of the Rashtrapati, but which I think deserve the attention of the whole nation if we are to maintain the health and vibrance of our democracy. After the Rashtrapati's speech last year, a number of developments have taken place in this country, some of which give us cause for pride and happiness, while some make us feel concerned and unhappy. The most important developments, in my opinion, which should have caused us great concern as Members of Parliament and which continues to cause great concern are the incidents of dishonourable behaviour on the part of some Members of Parliament. I am referring to the two incidents of gross corruption alleged against some Members of Parliament, one relating to receiving money for raising question on the floor of the House, and the other relating to the misuse of MPLADS funds. Unfortunately, the weakness of our community, of our nation is that we show anger, revulsion, annoyance, and outrage when a particular incident of corruption give us a shock, but very soon, we forget all about that. And when some new instances of gross corruption come to our attention, we forget the earlier one which should have been discussed and for which we should have arrived at some solution. I have always felt that it is this weakness on the part of our nation, which has made us earn the dubious distinction of being one of the most corrupt nations in the world. I have always felt that if there is one factor which prevents us from becoming one of the most advanced nations in the world, it is corruption in public life. You may say that many other nations also suffer from the same disease. But we have all the potential to become one of the two or three topmost nations in the world if only we handle this problem of corruption in a serious manner. Unfortunately, as I said earlier, if something happens we feel outraged, and then we forget all about it. We have become tolerant to corruption. We have developed a permissive attitude to corruption, and it is this tolerance and permissive attitude which is perpetuating this evil in our country. Many suggestions have been made as to how this problem should be tackled. Many experts have gone into this issue, but I am sorry to say, not one set of these suggestions has been accepted or implemented by the present or the previous Governments. By mere discussions on the floor of the House or *bhashans* from platforms we can not solve this problem. Sometimes, I have a feeling that if only Gandhiji had been given

five or ten more years of his precious life, he would have helped us to tackle this problem effectively. His life was spent for laying the standards for public morality. He himself was the greatest measuring rod for integrity, honesty in public life. Unfortunately, his cruel assassination happened immediately after independence, and after him, not a single soul has risen in our nation, who could carry the torch forward or who could use the present opportunities to fight this great evil which is really eating the vitals of our nation. I don't think the Parliament does have that moral authority to give that lead, I don't think the political class has that authority, I don't think the bureaucrats have that authority; the doctors have no authority, the teachers have no authority because all of them have shown themselves to be as corrupt as the others whom they criticise. We have only to wait for another Gandhiji to arise or another Jai Prakash Narain to arise to lead us this way. But as a nation, we should be willing, prepared mentally tuned, to have that type of a second *Messiah* who will lead this country, this nation, out from the morass into which it has fallen. I earnestly thought, wished that the President's Address would have contained, at least, a small paragraph about the determination of the Government to fight corruption and to maintain higher standards of probity but the Address disappointed me in that. I will come to the second issue. The Government is deciding, in a short while, to give help to people to fight elections, help to the political parties to maintain their activities. The type of resistance that is forthcoming may not be very great, but, at least, a beginning is likely to be made. But I would like to warn the Government and also the Members of Parliament that before we decide to use public funds for the maintenance of political parties' working or for giving assistance to individuals to fight elections, we should insist on all political parties to have within their own working, to adopt for their own working, certain standards of accountability, certain standards of transparency and also certain standards of inner democracy. For 30-40 years the western democracies have been trying this practice of helping parties and individuals to fight elections and giving public funds. But they have also passed necessary legislations to see that the parties maintain inner party democracy and remain accountable for the funds that they receive and the funds that they spend. Then only they get the entitlement for State aid. But we are not bothered about it. We are thinking of providing State aid to political parties and candidates without taking care of the weaknesses of the party system. It does not have the inner party

democracy and it does not have accountability to the public. Funds are received and funds are spent in crores by some parties. But no audited accounts are made available to the public to make the public feel happy that these funds are being spent in the right way and for the right reasons.

The third point that I want to raise is about our electoral system. The President's in his Address has said that our electoral system has an impeccable record and is the pride of the nation. I am afraid, he has not used the right word as the subject of the sentence. I would say, the Election Commission in India has an impeccable record and is the pride of the nation. But I will not subscribe to the view or the statement that the electoral system has an impeccable record. Our electoral system, in the past 58 years of our independence, has not even assimilated the basic things which are necessary for claiming this title of having an impeccable record. Its record is very poor. Malpractices have been there in all the elections. The role of criminal elements in society has become so conspicuous that there is no word to describe what it is. People have been led to march or made to march to the polling booths without knowing what they are going to vote for or why they are going to vote for a particular candidate. There are so many loopholes in our system; there are so many deficiencies in our system. Here again, so many committees and commissions have recommended what should be done. But very little action has been taken. We have this great institution of Election Commission which has to fight all the odds that it faces and, in addition to that, face the criticism also. I give my tribute whole-heartedly to the manner in which the Election Commission has functioned.

But I would like to tell you, Mr. Deputy Chairman, and I would like to inform the Members of the House that we can't continue this sytem in this way for many more elections. There are limits to which an Election Commission can go and there are limits to which it can stand the strain. One day they will also break down. Look at the frequency of elections. Every moment, every day, every week, every month, there is an election. There are elections for the State Assemblies and there are elections for the Parliament separately. There are elections for a few groups of States and then come elections for another few groups of States. Then comes the instability in Government administration at the State level. When the code of conduct comes into operation, development schemes are kept in abeyance. Then come the movement of police from one State to another

State and the movement of civil servants from one place to another place. Enormous expenditure is involved. We have to have a system by which the country will have elections at a particular time. We have to have a system by which if the Government loses majority in Parliament, it will not go out of office immediately and result in fresh elections, but another Government has to be voted in its place by a simultaneous vote of affirmative confidence before there is a vacuum created by its resignation. Once a Government is elected for five years, it should continue for five years, unless in the middle it is thrown out and another Government comes in its place. Simultaneously, you can throw out a Government and bring in another Government; otherwise, this practice of continuing elections from month to month and almost from day to day and everybody remaining in an election mode in the country for days together, is not going to be a solution to our problem. The Election Commission may fail in its task of commanding the loyalty and approval of the nation on this.

I will conclude by raising an issue pertaining to the State from which I have been elected. It may be a local demand but it is a serious demand and that is the demand of the Konkan region of the Maharashtra State to have a statutory development board of its own. This would need an amendment of article 371 of the Constitution. This amendment had taken place and Statutory Development Boards were established for the backward regions of Vidarbha and Marathwada, but Konkan was left out. The Konkan region is as backward as Vidarbha and Marathwada. For some reasons, it was left out and it has been tagged along with the rest of Maharashtra which includes very advanced places like Pune, Mumbai City, Thane and all that. Konkan has not got its legitimate share. As one who is responsible for introudcing this new scheme of development boards in Maharashtra, I very strongly feel that proper justice has not been done to Konkan. The matter is pending with the Government. The matter was pending with the previous Government also. No firm decision is being taken. I wish to avail of this opportunity to press the importance and urgency of this decision. Thank you.

डा॰ **प्रभा ठाकुर** (राजस्थान): धन्यवाद, उपसभापति जी। मैं यहां इस सदन के विद्वान और वरिष्ठ सदस्य, माननीय डा॰ कर्ण सिंह जी द्वारा उपस्थित महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में प्रस्तुत हुई हूं। मैं इस अभिभाषण का हार्दिक स्वागत करती हूं, समर्थन करती हूं। इसलिए कि यह वह दस्तावेज है, जिसका इस देश की पूरी आम जनता ने भी स्वागत किया है और तहे-दिल से समर्थन किया है, क्योंकि यह अभिभाषण ''बहुजन हिताय'' और ''बहुजन सुखाय'' का संदेश देता है।

महोदय, यों तो आज तक जितने भी राष्ट्रपति जी के अभिभाषण हुए होंगे, मैं यह नहीं मानती कि उनमें कोई ऐसा अभिभाषण हुआ होगा या सरकार का कोई ऐसा संकल्प आया होगा कि जिससे देश की सौ में से सौ, जितनी भी समस्याएं हैं, उन सब का निराकरण हो गया होगा। मैं सबके विचार सुन रही थी, पक्ष के भी और विपक्ष के भी। लेकिन मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहती हूं कि इस सरकार को अभी कुल 21 माह हुए हैं इतने कम समय में कुछ ठोस उपलब्धियां जो हैं तथा कथनी और करनी का जो अन्तर नहीं है, जनता देख रही है कि नीति और नीयत का अन्तर नहीं है। यू॰पी॰ए॰ सरकार का जो साझा कार्यक्रम बना है, उसके अनुरूप यह सरकार जो एक-एक कदम उस दिशा में बढ़ा रही है, इसे पूरा देश देख रहा है, पूरी जनता देख रही है, पूरा मीडिया देख रहा है और उसका आकलन भी कर रहा है। आज इससे आम जनता का विश्वास इस सरकार की ओर बढ़ा है, मनमोहन सरकार की ओर विश्वास बढ़ा है और देश को यह आस बंधी है कि ये कोरे कागजी वादे, कोरी कागजी घोषणाएं नहीं करती, बल्कि जो करती है, कहती है, उसको अमल करने की नीयत भी रखती है। उस पर अमल करना चाहती है। इसलिए आज पूरे देश की जनता का विश्वास इस सरकार में बढ़ा है।

इस दृष्टि से मैं यह कहूंगी कि यह अभिभाषण देश की आम जनता को राहत देने वाला है। देश के जो पिछड़े वर्ग हैं, जो शोषित वर्ग हैं, जो पिछड़े तबके हैं, जो सर्वहारा वर्ग है, जो अनुसूचित जाति और जनजाति के समाज से जुड़े हुए लोग हैं, जो अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोग हैं, जो समाज के कमजोर तबके से हैं, उन सभी को एक नई आशा देने वाला, उनमें एक नया विश्वास पैदा करने वाला यह अभिभाषण है। इस ओर पूरी दुनिया की नजर है, पूरी दृष्टि है, क्योंकि इस अभिभाषण से यह स्पष्ट होता है कि जो हमारे देश की महान सांस्कृतिक विरासत है अनेकता में एकता की, उस विरासत को, उस पहचान को यह सरकार संजो कर रखना चाहती है। यह लक्ष्य, यह उद्देश्य इस अभिभाषण से सामने आया है।

महोदय, अब यों तो विपक्ष का धर्म यही होता है आलोचना करना । तुलसी दास जी ने भी कहा है - निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छबाय। चाहे वह प्रतिपक्ष में बैठे लोग हों, या जो कभी साझा सरकार में बैठे हों उनमें से कुछ लोग हों, स्वस्थ आलोचना ही लोकतंत्र का एक स्वस्थ पहलू है, मजबूत पहलू है। इससे लोकतंत्र हमेशा मजबूत होता है। अच्छे सुझावों का, चाहे वे विपक्ष से आएं या सहयोगियों से आएं, उनका हमेशा स्वागत होता है। यह सरकार कोई किसी पूर्वाग्रह से बंधी हुई नहीं है। इनमें कुछ सुझावों को, जो जनहित से, जन-कल्याण से जुड़े हुए हैं, उनका स्वागत है। सरकार उन पर ध्यान देती है और उन पर अमल करती है।

5-00 P.M.

महोदय, आज देश की जो अमन पसंद जनता है, शांति पसंद जनता है, शांतिप्रिय जनता है, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोग रहते हैं, अब वे धर्म के नाम पर, जाति और संप्रदाय के नाम पर बांटने वाली हिंसक राजनीति और ऐसे दलों की विचारधाराओं से ऊब चुके हैं, थक चुके हैं। लोग शांति और अमन में जीना चाहते हैं, लोग अपने बच्चों के लिए खुशहाल सुनहरा भविष्य चाहते हैं, माताएं और बहनें चाहती हैं कि उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो, वे सुख शांति और सुरक्षा में जीना चाहते हैं। इसका विश्वास इस सरकार से फिर से जो दिया है, जिससे लोकतांत्रिक मर्यादा की स्थापना होती है, उसके मूल्यों की स्थापना होती है, इस विश्वास को जो फिर से दिया है, उसके लिए मैं इस सरकार की नीतियों का, कार्यक्रमों का हार्दिक स्वागत करती हूं।

महोदय, इस सरकार की प्रतिबद्धता है और इस सरकार की प्रशंसा योग्य बात यह है कि ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने का, अवसंचरना को विकसित करने का, ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के संकल्प को इसमें प्राथमिकता दी गई है। किसानों के हितों को सर्वोपरि मान्यता देते हुए इस सरकार ने जो योजनाएं और कार्यक्रम बनाए हैं, जो नीतियां बनाई हैं, उसके लिए मैं इस सरकार को बधाई देती हूं। नौजवानों को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अच्छे अवसर सुलभ हों, इसके लिए जो ग्रामीण रोजगार गारंटी का विधेयक यह सरकार लेकर आई है और विधेयक लेकर ही नहीं आई, अमल भी हो रहा है। यह घोषणा तो पिछली सरकार के समय भी पूर्व प्रधानमंत्री जी के द्वारा हुई थी, एक करोड़ बेरोजगार को हर वर्ष रोजगार देने का, लेकिन वह कागजी घोषणा मात्र बन कर रह गई। यह भी देश की जनता ने देखा और आज भी इस देश की जनता देख रही है कि 200 जिलों को, जो कि कमजोर और पिछड़े जिले हैं इस देश के, उनको पहले इस कड़ी में, श्रृंखला में जोड़ते हुए यहां ग्रामीण विकास रोजगार गारंटी योजना केवल घोषणा मात्र नहीं रही बल्कि उस पर अमल शुरू हो चुका है। इसके लिए यह सरकार बधाई की पात्र है, प्रधानमंत्री जी बधाई के पात्र हैं। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, जिससे गांवों में एक आशा की, एक खुशहाली की एक नई चेतना आई है, एक नया विश्वास आया है। इसके लिए मैं सरकार को बधाई देता हूं।

(श्री सभापति पीठासीन हुए)

महोदय, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस सरकार ने बहुत महत्वपूर्ण विधेयक लाए हैं, जिन पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई हैं। इनमें घरेलू हिंसा से निवारण के लिए, महिलाओं को न्याय देने के लिए, महिलाओं को हिंसा, शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए ऐसा विधेयक यह सरकार लाई है। बालिकाओं को, भ्रूण हत्या सिर्फ इसलिए इस देश में होती है, क्योंकि आज भी इनको द्वितीय श्रेणी में माना जा रहा है। इसके निवारण के लिए भी सरकार ने एक बड़ा सशक्त प्रयास करते हुए जो यह विधेयक लाई है हिन्दू उत्तराधिकार विधेयक में संशोधन करके कि पुत्री को पुत्र के समान अधिकार मिलें, उसका आर्थिक सशक्तिकरण हो, उसका भी मैं हार्दिक स्वागत करती हूं।

यह एक बहुत ही ठोस कदम है, इससे पूरे देश की महिलाओं का आत्म-सम्मान जागा है, उनको एक आत्म-सम्मान मिला है, उनकी एक हैसियत बनी है और इसके लिए मैं इस सरकार को बहुत बधाई देती हूं तथा यह भी आशा करती हूं ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: आपको भी बहुत-बहुत धन्यवाद।

डा॰ प्रभा ठाकुर : मैं आपके प्रति भी बहुत आभारी हूं कि आप महिलाओं के प्रति हमेशा बहुत उदार और सदाशय रहे हैं, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत आभारी हूं।

श्री सभापति: इसके लिए आपको ज्यादा धन्यवाद।

डा॰ प्रभा ठाकुर : मैं यह भी कहना चाहूंगी, महोदय ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: 5.00 बज गए हैं, अगर एक-दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर सकती हों तो जल्दी करें।

डा॰ प्रभा ठाकुर : मैं दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगी।

महोदय, मैं बातें कहना तो बहुत चाहती थी, लेकिन चूंकि अब समय की सीमा है, मैं कुछ बातें ही कहना चाहती हूं। कल माननीय वरिष्ठ, योग्य और अनुभवी नेता, श्री राजनाथ सिंह जी ने कुछ बाते कहीं। वे ऐसी निराधार बातें थीं कि अगर मैं उनके बारे में कुछ नहीं कहूंगी तो मेरे मन में थोड़ी पीड़ा रह जाएगी। उन्होंने एक बात कही कि कांग्रेस ने गांधीवाद की हत्या की। ऐसा शब्द उन्होंने कहा, मैं सुनकर अचंभित रह गई, स्तब्ध रह गई! यह वाक्य उनको कहने के लिए कहां से निर्देशित हुआ, मैं नहीं जानेती। आज भी कांग्रेस उन्हीं गांधीवादी मूल्यों को लेकर चल रही है, जिनके बारे में गांधी जी ने कहा था - *वैष्णव जन तो तेने कहिए, जे पीड़ पराई जाने रे,* उसी आदर्श को लेकर आज भी कांग्रेस चल रही है। इसीलिए इस सरकार को जो शोषित तबके हैं, उनकी पहले चिंता है और इसी आदर्श को लेकर यह सरकार चल रही है। गांधीवाद की हत्या की जो बात कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि इस देश में गांधी जी की हत्या किसने की थी, कृपया यह भी वे जरा बताएं? उनका जो यह ऐतराज था कि इतनी योजनाओं पर राजीव गांधी जी का नाम क्यों लगा हुआ है, महोदय, मैं आपको यह बताना चाहती हूं कि यह नाम इसलिए लगा हुआ है क्योंकि राजीव गांधी, इंदिरा गांधी, पंडित नेहरू या महात्मा गांधी, ये ऐसी विभूतियां हैं, जो मरकर भी अमर हैं, लोगों के मन में जिंदा हैं। ये ऐसे नाम हैं, जिन पर हमें गर्व है और गर्व है कि उनके नाम से योजनाएं जानी जाती हैं। जनता की तरफ से तो कभी ऐतराज आया नहीं, उधर से ऐतराज आया तो बात मेरी समझ में नहीं आई।

महोदय, मैं आपको राजस्थान की बात बताती हूं। ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक लाया गया, राजस्थान में वह राजस्थान गारंटी विधेयक बनकर रह गया। उसमें मुख्य मंत्री जी की फोटो

छपी हुई है और वह इस रूप में प्रचलित हो रही है, जैसे राजस्थान राज्य सरकार द्वारा वह योजना लागू की गई हो।

श्री सभापति: बहुत बड़ी बात कह दी है आपने।

डा॰ प्रभा ठाकुर : महोदय, आज राजीव गांधी सबके मन में हैं क्योंकि उनका इस देश के लिए एक त्याग है, एक बलिदान है, इसलिए उनका इस देश में इतना सम्मान है और इतनी मान्यता है।

अंत में, अपनी कुछ मांगों को जोड़ते हुए मैं अपनी बात को विराम देना चाहूंगी। सरकार ने त्वरित न्याय प्रणाली की मंशा जताई है, मैं इसका स्वागत करती हूं न्याय जल्दी मिलना चाहिए, कई वर्षों से जो लोग जेलों में बंद हैं - महिलाओं को शोषण, उत्पीड़न से मुक्ति के लिए, बलात्कार के मामलों में, उनको शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। किसानों के लिए ब्याज दर में और कमी की जानी चाहिए और उनके ऋण लेने की प्रक्रिया भी और आसान हो। राजस्थान जैसे अकालग्रस्त राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।

माननीय रेल मंत्री जी को मैं बधाई देना चाहूंगी कि घाटे की रेल को उन्होंने करोड़ों के मुनाफे में पहुंचा दिया बिना किराए में वृद्धि किए।

श्री सभापति: यह बात आपको सबसे पहले ...(व्यवधान)...

डा॰ प्रभा ठाकुर : इसलिए आप खोखरापार-मुनाबाव वाली रेल को, बहुत मांग है, अजमेर तक लाने की कृपा करें। लोग भी यह चाहते हैं कि वे वहां आएं-जाएं।

श्री सभापति: यह लो। अजमेर तक नहीं लाए तो धन्यवाद वापिस कर लिया जाएगा।

डा॰ प्रभा ठाकुर : पाकिस्तान से आने वाले मुसाफिर यह चाहते हैं कि 'गरीब नवाज़' के दर्शन करके फिर वे अपनी राजस्थान की यात्रा प्रारम्भ करें।

श्री सभापति: बहुत-बहुत धन्यवाद।

डा॰ प्रभा ठाकुर : अंत में इस सरकार का जो संकल्प है, उसे चार पंक्तियों में कहना चाहूंगी, जो मनमोहन सरकार का संकल्प है, जो यू॰पी॰ए॰ की अध्यक्षा, श्रीमती सोनिया जी का संकल्प है कि:—

कांटे हैं कि कंकर, कभी रुककर नहीं देखा
जब चल पड़े हैं आगे, तो मुड़कर नहीं देखा
और जिस दिन से चले हैं, बस मंजिल पे नज़र है,
आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा।।

यहीं मैं आपका आह्वान करूंगी कि आप भी इसी दृष्टि से चलें और स्वाधीनता संग्राम की 150वीं जयंती को मनाने का समय आया है। यह आजादी बड़ी मुश्किल से मिली है, हम सब इसमें साझीदार बनें। आजादी तो दिला दी देशभक्तों ने, मर-मिटने वालों ने और महात्मा गांधी ने, अब इस आजादी को सशक्त बनाते हुए, इस देश को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी हमारी है और आर्थिक रूप से सशक्त इस देश को अग्रणी देशों में लाएं इस जिम्मेदारी का हम संकल्प लें। धन्यवाद।

STATEMENTS BY MINISTERS

Justice Rajindar Sachar Committee

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Mr. Chairman, Sir, with your permission I make the following statement:

On 9th March, 2005 a High Level Committee under the chairmanship of Justice Rajindar Sachar was set up "for preparation of a report on the social economic and educational status of the Muslim community of India."

According to the 2001 census the Muslims of India formed the largest minority group of over 138 million, constituting about 13.4% of the country's population. The Muslim community is reportedly afflicted by widespread illiteracy, low income and irregular employment implying a higher incidence of backwardness relative to other religious groups of India.

The High Level Committee was mandated to obtain relevant information from Departments and Agencies of the Central Government, State Governments and also conduct an intensive literature survey to identify published data, articles, research on relative social, economic and educational status of the Muslims of India at the State, Regional and District levels, to address the reasons for backwardness and to formulate appropriate policy to intervene as and when it is necessary.

The Ministry of Defence in its letter dated 14th September, 2005 sent to the High Level Committee clearly brought out that the existing policy of the Government on recruitment in the Armed Forces is based on merit and is open to every citizen of the country including the members of the Muslim community without any discrimination on the basis of their caste, creed, religion or region. The Armed Forces are professional, apolitical, secular and the most disciplined force the country has today. Indian Armed Forces have an all India orientation in which each State contributes its fair share of manpower to the Armed Forces.